महानगर नई दिल्ली शनिवार 27 जुलाई, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

# भीड़ हिंसा पर केंद्र व राज्यों को नोटिस

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने भीड़ की हिंसा और लोगों को पीट-पीटकर मारने की घटनाओं पर अंकुश के लिए दिए गए निर्देशों पर अमल नहीं करने के आरोपों पर शुक्रवार को केंद्र से जवाब मांगा।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता के पीठ ने 'एंटी करप्शन काउंसिल ऑफ इंडिया ट्रस्ट' नामक संगठन की याचिका पर गृह मंत्रालय और राज्य सरकारों को नोटिस जारी किए। इस ट्रस्ट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुकूल चंद्र प्रधान ने कहा कि भीड़ द्वारा लोगों को पीट-पीटकर मार डालने की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।



**वरिष्ठ** अधिवक्ता अनुकूल चंद्र प्रधान ने कहा, भीड़ द्वारा लोगों को पीट-पीटकर मार डालने की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

**सरकारें** इस समस्या से निबटने के लिए शीर्ष अदालत द्वारा जुलाई 2018 में दिए गए निर्देशों पर अमल के लिए कोई कदम नहीं उठा रही हैं।

सरकारें इस समस्या से निबटने के लिए शीर्ष अदालत द्वारा जुलाई 2018 में दिए गए निर्देशों पर अमल के लिए कोई कदम नहीं उठा रही हैं।

ट्रस्ट ने कहा कि शीर्ष अदालत ने 17 जुलाई, 2018 को सरकारों को तीन तरह के उपाय- एहतियाती, उपचारात्मक और दंडात्मक- करने के निर्देश दिए थे, लेकिन इन पर अमल नहीं किया गया है।

शीर्ष अदालत ने कांग्रेस कार्यकर्ता तहसीन पूनावाला की याचिका पर ये निर्देश दिए थे। यही नहीं, शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि भीड़ की हिंसा में शामिल होने वाले लोगों में कानून के प्रति भय का भाव पैदा करने के लिए विशेष कानून बनाए जाने की आवश्यकता है। न्यायालय ने संसद से भी भीड़ हिंसा और गोरक्षकों द्वारा कानून हाथ में लेने की बढ़ती प्रवृत्ति से सख्ती से निबटने के लिए उचित कानून बनाने पर विचार करने का आग्रह किया था।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली येदियुरप्पा ने



राजभवन में आयोजित समारोह में भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा (बाएं) को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाते राज्यपाल वजूभाई वाला (दाएं)।

## 29 जुलाई को विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव रखेंगे

### किसानों-बुनकरों को तोहफा

बंगलुरु, 26 जुलाई (भाषा)।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत सरकार लाभार्थियों को चार हजार रुपए की अतिरिक्त राशि प्रदान करेगी। इस योजना **बाकी पेज 8 पर**

### भाजपा स्थिर सरकार देगी : नड्डा

कर्नाटक में सरकार को गिराने के लिए दल-बदल को बढ़ावा देने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि वहां सरकार आंतरिक कारणों से गिरी और भाजपा राज्य में स्थिर सरकार देगी। (विस्तृत खबर पेज 8 पर)




विशेष पन्ना राजकाज पेज 7 पर

बंगलुरु, 26 जुलाई (भाषा)।

कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष बीएस येदियुरप्पा ने शुक्रवार को चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल वजूभाई वाला ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में 76 साल के येदियुरप्पा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में येदियुरप्पा ने अकेले ही शपथ ली है। येदियुरप्पा ने कहा 29 जुलाई को विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव रखने की बात कही है। राज्य में येदियुरप्पा नीत भाजपा सरकार ऐसे समय बनी है जब तीन दिन पहले कांग्रेस-जद(सेकु) गठबंधन सरकार गिर गई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी द्वारा विधानसभा में पेश विश्वास मत प्रस्ताव 105 के मुकाबले 99 मतों से गिर गया था।

शुक्रवार की सुबह आनन-फानन में हुए घटनाक्रम में, येदियुरप्पा ने राज्यपाल से मुलाकात करके सरकार का दावा पेश किया और उनसे उन्हें शुक्रवार को ही पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने का अनुरोध किया। इसके बाद राज्यपाल ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। येदियुरप्पा ने कहा कि हम 29 जुलाई को विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव रखेंगे। शपथ ग्रहण समारोह से पहले, येदियुरप्पा ने कहा **बाकी पेज 8 पर**

# आदर्शनगर में पीट-पीट कर नाबालिग की हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

आदर्शनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह 16 साल के एक नाबालिग को कुछ लोगों ने चोर समझकर पीट-पीट कर मार डाला। वारदात की जानकारी शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे पुलिस को मिली थी। नाबालिग पर आरोप है कि वह एक घर में घुसा था। मकान मालिक की नजर उस पर पड़ गई। मकान मालिक ने पड़ोसियों के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल नाबालिग को पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विजयंता आर्य ने बताया कि इस मामले में मकान मालिक समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस बाबत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, 16 साल के नाबालिग को सुबह साढ़े आठ बजे आदर्श नगर के लाल बाग में एक घर में मकान मालिक ने पकड़ लिया। आसपास के लोग भी वहां जुट गए और सबने **बाकी पेज 8 पर**

**चोरी का संदेह था**

**एक** मकान में नाबालिग को पकड़ा गया, मकान मालिक ने पड़ोसियों के साथ मिलकर पीटा

**बच्चा** चोर होने के शक में तीन लोगों की ग्रामीणों ने की पिटाई - खबर पेज 11 पर

## विवादित बयान पर संसद में हंगामा

# आजम खान को माफी मांगने के लिए कहा जाएगा : प्रह्लाद जोशी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा सांसद रमा देवी के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला सपा सदस्य आजम खान से सदन में माफी मांगने के लिए कहेंगे। लोकसभाध्यक्ष की अध्यक्षता में विभिन्न दलों के नेताओं की बैठक में यह तय हुआ कि खान को माफी मांगनी चाहिए या फिर वह कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

जोशी ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा आजम खान से रमा देवी के प्रति उनकी टिप्पणी के लिए सदन में बिना शर्त माफी मांगने के लिए कहा जाएगा। अगर वह (आजम) ऐसा नहीं करते हैं तब अध्यक्ष को आगे की कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया है। लोकसभा में भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, राकांपा सहित सभी दलों ने गुरुवार को पीठासीन सभापति रमा देवी के बारे में सपा सांसद आजम खान की टिप्पणी की शुक्रवार को पार्टी लाइन से हटकर कड़ी भर्त्सना करते हुए इसे 'कुटिल, दुर्भावनापूर्ण, अपमानजनक' बताया तथा अध्यक्ष से इस मामले में 'कठोरतम' कार्रवाई करने की मांग की। इस मामले पर शून्यकाल में निचले सदन में विभिन्न दलों की महिला सांसदों समेत कई दलों के नेताओं ने करीब एक घंटे तक सपा सदस्य की टिप्पणी पर अपना कड़ा विरोध जताया। महिला **बाकी पेज 8 पर**



विवादास्पद बयान देकर फंसे आजम खान



यह बयान पुरुषों समेत सभी सांसदों पर धब्बा



आजम खान माफी मांगें या किया जाए निलंबित

# ईडी ने कुर्क की 68 करोड़ की संपत्ति

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

**मानेसर जमीन घोटाला**

हरियाणा के मानेसर जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुग्राम में 18.5 एकड़ जमीन समेत 68 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। इस मामले में शुक्रवार को पंचकूला की सीबीआइ कोर्ट में सुनवाई होनी थी, लेकिन वकीलों की हड़ताल के कारण यह कार्रवाई नहीं हो पाई। मामले की सुनवाई अब छह अगस्त को होगी। इस बीच, ईडी ने गुरुवार को देर रात तक हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से 10 घंटे पूछताछ की। शुक्रवार को भी कई घंटे तक उनसे पूछताछ की गई।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा शुक्रवार सुबह पंचकूला की विशेष सीबीआइ अदालत में पेश होने के लिए पहुंचे। उनके साथ अन्य आरोपी भी थे। लेकिन वकीलों की हड़ताल के कारण सुनवाई नहीं हुई। वहां से हुड्डा दोपहर बाद चंडीगढ़ स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचे। वहां कई घंटों तक उनसे पूछताछ की गई। हुड्डा ईडी की जांच में लगातार शामिल हो रहे हैं। शुक्रवार को पूछताछ के बाद हुड्डा ने कहा कि वह ईडी अधिकारियों द्वारा पूछे जाने वाले हर सवाल का जवाब **बाकी पेज 8 पर**

# राज्यसभा सत्र भी सात अगस्त तक बढ़ा

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को सदन को सूचित किया कि संसद के बजट सत्र की अवधि सात अगस्त तक बढ़ा दी गई है ताकि आवश्यक सरकारी विधायी कामकाज संपन्न हो सके।

पूर्व में सत्र की अवधि 26 जुलाई अर्थात शुक्रवार तक ही थी। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति ने कहा कि सदन की बैठक सात अगस्त तक बढ़ा दी गई है। नायडू ने कहा कि सत्र की इस बढ़ी हुई अवधि के दौरान प्रश्नकाल नहीं होगा।

सत्र की बढ़ी हुई अवधि के लिए सरकार के एजेंडे की जानकारी देते हुए संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि तीन तलाक (तलाक-ए-बिद्दत) को रोकने के लिए 'मुसलिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2019', कंपनी (संशोधन) विधेयक 2019, मोटर वाहन (संशोधन) विधेयक 2019 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) संशोधन विधेयक 2019 सहित अन्य विधेयकों को सदन में पेश किया जाएगा। 'मुसलिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2019' को गुरुवार को लोकसभा की मंजूरी मिल चुकी है। तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने सुझाव दिया कि सत्र की बढ़ाई गई अवधि में प्रश्नकाल नहीं होगा इसलिए शून्यकाल का समय बढ़ाया जाना चाहिए।

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को ही निचले सदन में सत्र को सात अगस्त तक बढ़ाने की घोषणा की थी।

# भारत, पाकिस्तान बातचीत से सुलझाएं कश्मीर मुद्दा : चीन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर समेत अन्य मसलों के समाधान के लिए शांतिपूर्वक वार्ता का सुझाव चीन ने दिया है। साथ ही चीन ने भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते में सुधार लाने में भूमिका निभाने के लिए अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन किया। इस बारे में भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़ी टिप्पणी की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर समेत तमाम मसले भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मामले हैं। इस मुद्दे पर अमेरिकी पेशकश को लेकर भी हम स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं। शुक्रवार को भारत ने दोहराया, हमारी सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। चीन ने कश्मीर मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप **बाकी पेज 8 पर**

**भारत का जवाब**

विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर समेत तमाम मसले भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मामले हैं। इस मुद्दे पर अमेरिकी पेशकश को लेकर भी हम स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं। शुक्रवार को भारत ने दोहराया, हमारी सोच में कोई बदलाव नहीं आया है।

## शहीदों की याद में



20वें करगिल विजय दिवस पर कश्मीर के द्रास में शहीद सैनिकों के परिजनों से मुलाकात करते सेनाध्यक्ष विपिन रावत।

**राष्ट्रपति ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि, प्रधानमंत्री ने कीं जवानों के साथ तस्वीरें साझा** खबर पेज 12

रविवारी

28 जुलाई, 2019

**किशोर और अपराध**



पिछले कुछ सालों में किशोर अपराधों की दर में लगातार बढ़ोतरी हुई है। इसे लेकर चिंता स्वाभाविक है। किशोर अपराध की बढ़ती प्रवृत्ति के बारे में बता रहे हैं दीपक कुमार त्यागी।

• **कहानी**/ शोभा सिंह • **प्रसंग**/ पंकज पराशर • **योग दर्शन**/ डॉ. वरुण वीर • **शख्सियत**/ जेआरडी टाटा • **दाना-पानी**/ मानस मनोहर • **सेहत**/ रविवारी डेस्क



**जरूरी है रसोई की सफाई**
• वंदना सिंह

• **कविता**/ प्रभुदयाल श्रीवास्तव • **कहानी**/ तारा निगम

23 जुलाई को 49 हस्तियों ने प्रधानमंत्री को लिखा था पत्र | **पलटवार** | जवाबी पत्र में राजनीतिक पक्षपात करने का पुरजोर विरोध

# 49 के जवाब में आया 61 हस्तियों का पत्र

मुंबई, 26 जुलाई (भाषा)।

देश में अल्पसंख्यकों की पीट-पीट कर हत्या किए जाने और घृणा अपराधों के बढ़ते मामलों को लेकर 49 हस्तियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र के जवाब में देश की 61 हस्तियों ने चुनिंदा बातों पर आक्रोश जताने और झूठी कहानियां गढ़ने का विरोध किया।

भारतीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के प्रमुख प्रसून जोशी, बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत, फिल्मकार मधुर भंडारकर, विवेक अग्निहोत्री, शास्त्रीय नृत्यांगना सोनल मानसिंह समेत जानी-मानी 61 हस्तियों ने एक बयान में कहा है कि 23 जुलाई को कुछ स्वयंभू संरक्षकों और विवेकपूर्ण लोगों ने चुनिंदा बातों पर चिंता व्यक्त की और उन्होंने स्पष्ट रूप से राजनीतिक रूप से पक्षपातपूर्ण रवैया और मकसद दिखाया।

बयान में कहा गया है, 'उसका (23 जुलाई को लिखे पत्र का) मकसद भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल करना और भारतीयता का मूल समझे जाने वाले सकारात्मक राष्ट्रवाद एवं मानवतावाद की नींव पर शासन करने के प्रधानमंत्री के अथक प्रयास को नकारात्मक रूप से पेश करना है।' उसने कहा कि उसमें कुछ चुनिंदा बातों पर आक्रोश व्यक्त किया गया है जो, 'एक राष्ट्र और लोगों के रूप में हमारी सामूहिक कार्यप्रणाली के लोकतांत्रिक स्वभाव एवं मानदंडों को बदनाम करने के इरादे से एक झूठे किस्से का प्रचार करने का प्रयास था।'

गौरतलब है कि 23 जुलाई को फिल्मकार मणिरत्नम, अनुराग कश्यप, श्याम बेनेगल, अपर्णा सेन, गायिका शुभा मुद्गल, इतिहासकार रामचंद्र गुहा सहित 49 हस्तियों ने पत्र लिखकर धर्म के आधार पर घृणा अपराधों को लेकर चिंता व्यक्त की थी। इसमें 'जय श्री राम' का नारा लगाने को लेकर हो रही घटनाओं का भी जिक्र किया गया था।

61 लोगों के हस्ताक्षर **बाकी पेज 8 पर**

पत्र लिखने वाली हस्तियों में भारतीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के प्रमुख प्रसून जोशी, बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत, फिल्मकार मधुर भंडारकर, विवेक अग्निहोत्री और शास्त्रीय नृत्यांगना सोनल मानसिंह शामिल।

**हस्तियों ने कहा कि 23 जुलाई को कुछ स्वयंभू संरक्षकों और विवेकपूर्ण लोगों ने चुनिंदा बातों पर चिंता जताई।**

49 शख्सियतों के समर्थन में उतरे बंगाल भाजपा उपाध्यक्ष - खबर पेज 8 पर



प्रसून जोशी कंगना रनौत सोनल मानसिंह

**23 जुलाई को फिल्मकार मणिरत्नम, अनुराग कश्यप, श्याम बेनेगल, अपर्णा सेन सहित 49 हस्तियों ने पत्र लिखकर धर्म के आधार पर घृणा अपराधों को लेकर चिंता व्यक्त की थी।**

# युवती की चाकू मार कर हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

- मजदूरी करता है हत्या का आरोपी
- घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी युवती
- पुलिस का कहना है कि युवक का युवती से था एकतरफा आकर्षण

हजरत निजामुद्दीन थाना क्षेत्र के भोगल में एक युवक ने सरेराह एक युवति की चाकू मार कर हत्या कर दी। वारदात की जानकारी शुक्रवार शाम करीब छह बजे पुलिस को मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। वारदात के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। इस कारण वह भी जख्मी हुआ है। बताया जा रहा है कि उसका भी इलाज अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल पुलिस इस मामले में आरोपी युवक मुनासिर (25) से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है। शुरुआती छानबीन में पता चला है कि युवती से आरोपी युवक को एकतरफा आकर्षण था।

भोगल के मुख्य मार्ग पर 19 साल की युवती अपने घर की ओर जा रही थी, तभी पीछे से आए एक युवक ने उस पर चाकू से वार किया। रमेश नामक चश्मदीद ने बताया कि युवक ने युवती के पीट, पेट और गर्दन पर चाकू से वार किया था। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने जब युवती को बचाने की कोशिश की तो आरोपी उन पर भी हमला करने की धमकी देने लगा। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसका ध्यान भटका कर उसके हाथ पर वाइपर और डंडे से हमला किया, जिसके बाद चाकू उसके हाथ से छूट गया। बाद में लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। वहीं, घायल युवती को वहां मौजूद कुछ महिलाएं ऑटो चालक की मदद से एम्स ट्रामा सेंटर लेकर गईं और भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आरोपी युवक मजदूरी का काम करता है। वहीं, युवती घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी। फिलहाल पुलिस आरोपी को गिरफ्त में लेकर आगे की पूछताछ और कार्रवाई कर रही है।

नेशनल इन्श्योरेन्स
National Insurance
Trusted Since 1906

**NATIONAL INSURANCE COMPANY LIMITED**
(A Govt. of India Undertaking)
Registered & Head Office: 3, Middleton Street, Kolkata-700071
CIN : U10200WB1906GOI001713; IRDAI Reg. No. 58
Tele-fax : (033) 2283-1717;
E-mail : ncd.coordinator@nic.co.in
Website : https://nationalinsurance.nic.co.in

**NOTICE**

We would inform that a meeting of the Board of Directors of the Company is re-scheduled to be held on Monday, 29th July 2019 at 1.30 p.m. at the Head Office of the Company at 3, Middleton Street, Kolkata - 700 071 to inter-alia consider, approve and adopt the Annual Accounts of the Company for the financial year ended 31st March, 2019.

By order of the Board
For National Insurance Company Limited

Place : Kolkata
Dated : 25.07.2019

Rina Madia
Company Secretary

AD UIN NO. 019/19-20




# जल्द बनाएं जाएंगे 18 फास्ट ट्रैक कोर्ट

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

दिल्ली की अदालतों में लंबित मामलों को निपटाने का काम अब तेजी से होगा। शुक्रवार को इस प्रक्रिया को तेज बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने 18 नए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का फैसला लिया है। यह मसविदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता वाली कैबिनेट में रखा गया था। दिल्ली सरकार के कानून मंत्री कैलाश ने बताया कि कैबिनेट ने 18 फास्ट ट्रैक कोर्ट व 22 व्यावसायिक कोर्ट बनाने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से लंबित मामलों को तेजी से निपटाया जा सकेगा।

कानून विभाग ने यह मसविदा कैबिनेट को भेजा था। इसमें कोर्ट संचालन के लिए 22 पदों की अनुमति मांगी थी। इसके अतिरिक्त इनके साथ अन्य 212 कर्मचारियों की भी नियुक्ति होगी। इस फैसले से दिल्ली सरकार पर वार्षिक करीब 13 करोड़ 55 लाख रुपए से ज्यादा का खर्च आएगा। इस मामले में उच्च न्यायालय ने जनवरी, 2019 में इन खाली पदों को भरने का आदेश दिया था।

# मुख्यमंत्री ने केंद्र की वित्तीय सहायता पर उठाए सवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

दिल्ली सरकार को विकास योजना के तहत केंद्र सरकार से सालाना छह हजार करोड़ रुपए मिलने चाहिए, जबकि मिल रहे हैं 325 करोड़ रुपए। इस मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को वित्त आयोग सचिव एनके सिंह से मुलाकात की। वित्त आयोग ने दिल्ली सरकार को आश्वासन दिया है कि मुद्दे पर जल्द जांच होगी।

मुख्यमंत्री इस मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात कर चुके हैं और मिलने वाली रकम में बढ़ोतरी करने के लिए एक विस्तृत मसविदा भी सौंप चुके हैं। सचिव से मुलाकात के बाद केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली वाले देश के विकास के लिए पौने दो लाख करोड़ रुपए का आयकर जमा करते हैं। इतनी धनराशि के बाद भी केंद्र सरकार से केंद्रीय सहायता के तौर पर केवल 325 करोड़ रुपए मिलते हैं। उन्होंने मांग की है कि दिल्ली को मिलने वाली वित्तीय मदद में इजाफा किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि 2000 में प्रावधान था कि देश के अन्य राज्यों की तरह ही दिल्ली को भी पैसा जारी किया जाएगा, जो नहीं हो रहा है।

# पूर्व सैनिकों का किया अपमान : मनोज तिवारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

दिल्ली सरकार ने फैसला किया है कि पूर्व सैनिकों को अस्पतालों की सुरक्षा के काम से हटाया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने इसे देश के सैनिकों का अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने इन सैनिकों को निकालने का आदेश जारी कर अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही इस संबंध में मुख्यमंत्री से बात करेंगे और इन कर्मचारियों की पुनः तैनाती की मांग करेंगे।

## करगिल दिवस पर जवानों को किया याद

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

करगिल दिवस के मौके पर शुक्रवार को भाजपा नेताओं ने देश के जवानों को याद किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने इस मौके पर इंडिया गेट स्थित वार मेमोरियल पहुंचे और शहीदों को पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।



**मौसम**

| तापमान | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 32.5 डि.से. | 32.5 डि.से. | 30.4 डि.से. | 29.9 डि.से. |
| न्यूनतम | 26.2 डि.से. | 26.2 डि.से. | 25.4 डि.से. | 26.3 डि.से. |



# दिल्ली में छिटपुट बारिश ने दी उमस से राहत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

दिल्ली सहित आसपास के इलाकों में शुक्रवार को रुक-रुककर हुई बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली। झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे लोगों को भारी बारिश तो नहीं देखने को मिली लेकिन कुछ इलाकों में तेज बारिश हुई है। विभाग ने शनिवार को भी बारिश का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र गंगा तटीय बंगाल के ऊपर है व एक हवाई चक्रवात उत्तर प्रदेश के आसपास बना है जिसके प्रभाव से आने वाले चार-पांच दिनों में मध्य, दक्षिण भारत, गुजरात व राजस्थान में बारिश होगी। इसके अलावा एक कम दबाव का क्षेत्र 31 को बंगाल की खाड़ी में बनने की संभावना है। दिल्ली में भारी बारिश की संभावना को पुरवाई उड़ा ले गई। फिर भी शुक्रवार को दिल्ली में सात मिलीमीटर बारिश हुई। बारिश के साथ ही तापमान दो डिग्री तक गिर गया।

# चलती कार में आग लगने से कारोबारी की जलकर मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

महिंद्रा पार्क थाना क्षेत्र के मुकरबा चौक पर गुरुवार देर रात एक स्पोर्ट युटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) कार में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से कार चालक की मौत हो गई। ट्रांसपोर्टर का काम करने वाले कारोबारी की पहचान अलीपुर निवासी अजय गुप्ता (42) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, अजय गुप्ता विदेश जाने के लिए इंदिरा गांधी हवाईअड्डे जा रहे थे, तभी अचानक उनकी कार में आग लगी।

घटना की सूचना करीब दस बजकर 37 मिनट पर दिल्ली दमकल और स्थानीय पुलिस को दी गई। दो दमकलों ने आग पर 20 से 25 मिनट में काबू पाया। झुलसी हुई हालत में अजय गुप्ता को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामला दर्ज कर सभी दृष्टिकोण से छानबीन कर रही है। उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विजंयता आर्य के मुताबिक, अजय गुप्ता अलीपुर में अपनी पत्नी और बच्चे के साथ रहते थे। विदेश जाने के लिए गुरुवार देर रात वे घर से अपनी कार में रवाना हुए थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।


घटनास्थल पर जली हुई कार।

- दो दमकल की गाड़ियों ने 25 मिनट में पाया आग पर काबू

### दरवाजे हो गए थे बंद!

आग लगने के बाद कार के सभी दरवाजे बंद हो गए थे। अजय गुप्ता ने बचने के लिए काफी जद्दोजहद की लेकिन वह असफल रहे। पुलिस का कहना है कि फिलहाल शॉट-सर्किट से आग लगने की वजह बताई जा रही है, लेकिन छानबीन पूरी होने के बाद ही पता चल सकेगा कि आग कैसे लगी।

# झगड़े के बाद दो बच्चों को पुल से नीचे फेंका

- मां ने सहजीवन में साथ रह रहे साथी पर झगड़े के बाद दोनों बच्चों को पुल से फेंक देने का लगाया आरोप
- बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बीके अस्पताल से एम्स भेज दिया गया

फरीदाबाद, 26 जुलाई (जनसत्ता)।

सहजीवन में रह रहे एक जोड़े ने आपसी कहासुनी के बाद बेरहमी से दो मासूम बच्चों को वाइएमसीए फ्लाईओवर से नीचे फेंक दिया। पुलिस ने दोनों बच्चों को गंभीर हालत में बीके अस्पताल मे भर्ती करवाया। बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर भेज दिया है। यह हादसा गुरुवार रात डेढ़ बजे दिल्ली-मथुरा हाईवे पर हुआ। बच्चों की विधवा मां की शिकायत पर पुलिस ने थाना सेक्टर-8 में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, ओल्ड फरीदाबाद झुग्गी निवासी महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपनी चार साल की बेटी और दो साल का बेटे के साथ पिछले एक साल से पंकज के साथ ऊंचा गांव में रहती है। कल ऊंचा गांव से पंकज के साथ बच्चों को साथ लेकर स्कूटी से ओल्ड फरीदाबाद आ रही थी। रात करीब एक बजे वाइएमसीए फ्लाईओवर पर पंकज ने किसी बात पर आपसी बहस होने पर महिला को दो थप्पड़ मारे और एक-एक करके दोनों बच्चों को फ्लाईओवर से नीचे फेंक दिया। महिला ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। हादसे के बाद महिला ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस की से घायल बच्चों को अस्पताल ले गई। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी को पुलिस हिरासत मे लेकर हत्या के कारणों के बारे मे पूछताछ की जा रही हैं।

# कनॉट प्लेस में मद्य निर्माणशाला को दिल्ली सरकार की मंजूरी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

दिल्ली सरकार ने कनॉट प्लेस में पहली माइक्रोब्रयुरी (मद्य निर्माणशाला) खोलने की मंजूरी दे दी है और इसे शुरू भी कर दिया है। विदेश व देश के अन्य राज्यों में चल रही इस परियोजना को लागू करने के लिए दिल्ली सरकार लंबे समय से काम कर रही है। कनॉट प्लेस के रेस्तरां मालिक को दिल्ली सरकार द्वारा यह लाइसेंस दिया गया है। मद्य निर्माणशाला का लाइसेंस पाने वाले प्रतीक चतुर्वेदी बताते हैं कि वे लंबे समय से इस लाइसेंस का इंतजार कर रहे थे।

जानकारी के मुताबिक, अन्य जगहों पर भी इसके लिए आवेदन आ रहे हैं। करीब 25 से 30 लाइसेंस प्रक्रिया में हैं। दिल्ली में इस व्यवस्था को लागू करने की प्रक्रिया राष्ट्रमंडल खेलों के समय से ही चल रही थी। कैबिनेट की मंजूरी के बाद जून, 2015 में इसके लिए अधिसूचना जारी की गई थी। पर्यावरण विभाग व उपराज्यपाल ने दिसंबर, 2018 में इसे मंजूरी दी। इसे खोलने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के नियमों में भी प्रावधन किया गया और डीडीए ने इन प्रावधानों को लागू किया। प्रक्रिया के बाद दिल्ली को पहली माइक्रोब्रूअरी खोलने की मंजूरी मिली है।

### राष्ट्रमंडल खेलों के समय से ही चल रही थी प्रक्रिया

# 'मेट्रो में चार निदेशकों की तैनाती करो या कारण बताओ'

पंकज रोहिला
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

दिल्ली मेट्रो में निदेशक के पद पर तैनाती के मामले में दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मेट्रो प्रशासन को पत्र लिखा है। पत्र में मेट्रो प्रशासन से कहा गया है कि दिल्ली सरकार से भेजे गए प्रस्ताव के अनुरूप मेट्रो में नए चार निदेशकों की तैनाती की जाएगी। अन्यथा तैनाती न किए जाने का कारण दिल्ली सरकार को बताया जाए। ज्ञात हो कि हाल में मेट्रो में गैर नौकरशाहों के नाम भेजे जाने पर शहरी विकास मंत्री ने आपत्ति जताई थी।

शहरी विकास मंत्री ने कहा था कि इन नामों को वापस लिया जाए। दिल्ली सरकार ने 13 जुलाई, 2019 को दिल्ली मेट्रो में चार निदेशक तैनात किए जाने की सिफारिश भेजी थी। इन नामों में एनडी गुप्ता, जैशमिन शाह, राघव चड्डा और आतिशि का नाम था। दिल्ली सरकार की सिफारिश के बाद भी इन नामों को मंजूरी नहीं मिली है। इसलिए अब इस मामले में दिल्ली मेट्रो को एक पत्र भेजा गया है। पत्र में साफ कहा गया है कि इन पदों की तैनाती के लिए मेट्रो सभी जरूरी प्रक्रियाओं को पूर्ण करे। निदेशकों की तैनाती को परियोजनाओं संबंधित मामलों को जनता के हित में बताया गया है। अब यह मामला मेट्रो बोर्ड के पास है। प्रक्रिया को पूरा करने के लिए दिल्ली सरकार ने तीन दिन का समय दिया है। उनका कहना है कि बाधक कारण की जानकारी दिल्ली सरकार को दी जाए।

# केजरीवाल लिखित में मांगें माफी : तंवर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

तीन साल पहले मई, 2016 में हुए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के विधि व संपदा अधिकारी एमएम खान हत्याकांड मामले में नाम घसीटे जाने पर रोष जताते हुए एनडीएमसी के उपाध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी नेता करण सिंह तंवर ने मुख्यमंत्री से लिखित माफी मांगने और हर्जाना देने की मांग की है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की माफी मांगने की आदत है। वे लिखित में माफी मांगें और इस बाबत हुए उनकी क्षतिपूर्ति का हर्जाना दें।




# समुद्र के रास्ते लाते थे हेरोइन, दो गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नवी मुंबई से 130 किलो हेरोइन जब्त कर गिरोह के सरगना समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक अफगानिस्तान का नागरिक शामिल है। बरामद हेरोइन की यह खेप भी गत दिनों पकड़ी गई 200 किलो हेरोइन की तरह ही अफगानिस्तान से ईरान के समुद्री रास्ते मुंबई लाई गई थी। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 500 करोड़ बताई जा रही है। स्पेशल सेल के उपायुक्त मनीषी चंद्रा के अनुसार गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान कांधार निवासी अहमद शाह आलोकजई और तिफल नौखेज उर्फ तिफाले के रूप में हुई है।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने की अपील

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

बिहार और असम में आई बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के देशबंधु कॉलेज में छात्रों ने अभियान चलाया और आपदा प्रबंधन पर चर्चा की। कॉलेज के छात्र पीयूष पांडेय की अगुआई में चले इस अभियान को बाकी कॉलेजों द्वारा लागू किया जाएगा। बकौल पीयूष पांडेय बिहार में सरकारी आंकड़ों में मरने वालों की संख्या 104 बताई जा रही है लेकिन गैर सरकरी संगठनों की दावा है कि यह संख्या 200 के पार है। देशबंधु कॉलेज के छात्रों ने तय किया है कि वे सीधे राज्य सरकार या प्रधानमंत्री राहत कोष में सहायता भेजेंगे। पीयूष पांडेय ने कहा, यह मदद की प्रवृत्ति को बढ़ाने का भी प्रयास है।

# स्कूलों में आदर्श शौचालय बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** संपूर्णा स्वयंसेवी संगठन की संस्थापिका अध्यक्ष शोभा विजेंद्र और उनकी टीम ने पूर्वी दिल्ली नगर निगम की मेयर अंजू कमलकांत से मुलाकात की। शोभा ने दिल्ली के स्कूलों के शौचालयों को आदर्श शौचालय की श्रेणी में लाने के लिए उचित कदम उठाने के सुझाव दिए। शोभा विजेंद्र तीन वर्षों से एक अभियान दिल्ली स्कूल आदर्श शौचालय मिशन चला रहीं हैं। **(जनसत्ता संवाददाता)**

## आज के कार्यक्रम

**सभा/संगोष्ठी**

**इंडिया इंटरनेशनल सेंटर और आइसी सेंटर फार गवर्नेंस** : स्किल डेवलपमेंट और रोजगार पर चर्चा, एनेक्स सभागार -2, मैक्समूलर मार्ग, शाम साढ़े छह बजे तक।

# हंसी थोड़ी, सस्पेंस ज्यादा

फिल्म समीक्षा
रवींद्र त्रिपाठी



## जजमेंटल है क्या

रेटिंग- ★★

**निर्देशक**- प्रकाश कोवेलामुदी

**कलाकार**- कंगना रनौत, राजकुमार राव, जिमी शेरगिल

पहले इस फिल्म का नाम 'मेंटल है क्या' था। लेकिन कुछ संस्थाओं की तरफ से 'मेंटल' शब्द को लेकर हुई आपत्ति के बाद नाम हो गया 'जजमेंटल है क्या'। फिल्म मध्यांतर के पहले तो कॉमेडी-सस्पेंस थ्रिलर की तरह है लेकिन उसके बाद सस्पेंस ही सस्पेंस है।

कंगना ने इसमें बॉबी नाम की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया है, जो सिरोसिस नाम की मानसिक बीमारी से ग्रसित है। बॉबी के साथ बचपन में एक हादसा हुआ था। उसके माता-पिता आपस में काफी झगड़ते थे। एक दिन जब बच्ची बॉबी ने अपनी मां को बचाने के लिए पिता को धक्का दिया तो दोनों छत से गिर कर मर गए। उसके बाद बॉबी काफी बदल गई। वो फिल्मों में एक डबिंग आर्टिस्ट बन गई। पर डबिंग के दौरान जिस फिल्मी सितारे की आवाज निकालती, वो उसके किरदार के भीतर भी चली जाती और खुद को वैसा समझने लगती। उसका एक बॉयफ्रेंड भी है जिसका सारा समय उसके किचन के लिए सामान लाने में जाता है। इसी बीच, बॉबी डबिंग के दौरान अपने एक सहकर्मी को चाकू मार देती है। इस कारण उसे कुछ दिनों के लिए मानसिक अस्पताल में रहना पड़ा। जब वो वहां से लौटकर अपने अंकल के यहां आई तो एक विवाहित जोड़ा किरदार के रूप में आया- केशव (राजकुमार राव) और रीमा (अमायरा दस्तूर)। एक दिन रीमा की हत्या हो जाती है। अब सवाल है कि हत्यारा कौन है? बॉबी को शक है कि हत्या केशव ने की। लेकिन पुलिस उसकी बात नहीं मानती। केशव छूट जाता है। कुछ समय बाद बॉबी इंग्लैंड पहुंच जाती है। वहां उसे फिर से केशव मिलता है। रिश्ते की एक बहन के पति के रूप में। बॉबी को शक होता है कि केशव अब उसकी बहन की हत्या करेगा। क्या सच में ऐसा होगा या ये सब बॉबी के दिमाग में चलनेवाला फितूर है? फिल्म मानसिक रोगियों की दुनिया में प्रवेश करती है लेकिन यह संदेश भी देती है कि जरूरी नहीं कि मानसिक रोगी हमेशा गलत बात ही कहे। कंगना ने ऐसे चरित्र को बखूबी निभाया है, जो मानसिक स्तर पर सिर्फ अपने खयालों में जीती है लेकिन उसके भीतर हालात को भांपने की क्षमता है। राव बतौर केशव शुरू से ही थोड़े रहस्यमय लगते हैं। आत्मनियंत्रित भी। क्या केशव का कोई अतीत है, जो उस पर हमेशा हावी रहता है? आखिर में इसकी जानकारी मिलती है। फिल्म में जिमी शेरगिल भी हैं जो लंदन में नाटक के निर्देशक की भूमिका में है। रामायण की कथा भी फिल्म में बतौर नाटक की तरह है और बॉबी का ये डॉयलाग कि 'अब सीता रावण को ढूंढेगी' इस फिल्म की एक कुंजी बन जाती है। हालांकि रामायण पर आधारित नाटक वाला प्रसंग अनावश्यक रूप से फैल गया है और केशव के अतीत से जुड़ी कहानी बहुत छोटी रह गई है। इसलिए आखिर में निर्देशकीय पकड़ थोड़ी ढीली हो जाती है।

# कॉमेडी से ज्यादा कुछ नहीं

## अर्जुन पटियाला

रेटिंग- ★★

**निर्देशक**- रोहित जुगराज

**कलाकार**- दिलजीत दोसांझ, कृति सेनन, वरुण शर्मा, रोनित रॉय

यह एक कॉमेडी फिल्म है और स्टैंडअप कॉमेडी स्टाइल में दर्शकों को हंसाती है। दिलजीत ने इसमें अर्जुन पटियाला नाम के पुलिस वाले का किरदार निभाया। नाम से शायद शक हो कि इसका पटियाला पैग से कोई रिश्ता हो। यह शक बेबुनियाद नहीं है क्योंकि अर्जुन पीने का बड़ा शौकीन है। खूप पीता है। वो एक प्रेमी किस्म का जीव भी है। पर साथ ही एक ऐसा पुलिस वाला है, जिसके पास अपराध की कुछ समस्याओं को सुलझाने के लिए कुछ नायाब किस्म के तरीके हैं।

पुलिस में उसका सहयोगी ओनिडा सिंह (वरुण शर्मा) है। वो भी मस्त बंदा है। वो भी प्रेमी किस्म का है लेकिन असफल प्रेमी। फिल्म में तीसरी बड़ी किरदार है रितु रंधवा (कीर्ति सेनन), जो क्राइम रिपोर्टर है। अर्जुन का दिल रितु रंधवा पर आ जाता है पर क्या उसका टांका उससे भिड़ सकेगा? पर निर्देशक कोई रोमांटिक कहानी तो दिखा नहीं रहा है इसलिए इस प्रेम प्रसंग में हंसी के फव्वारे अधिक छूटते हैं और रोमांस कम है। सीमा पाहवा ने इसमें महिला नेता और विधायक का किरदार निभाया है। वैसे एक कहानी के रूप में फिल्म आगे चलकर लचर हो जाती है, इसलिए वह सिर्फ हंसा कर रह जाती है, दिल को नहीं छूती। फिल्म में सनी लियोनी का एक आइटम नंबर भी है। बेशक ये पुराना फिल्मी फार्मूला है, जो अब उतना कारगर नहीं रहा।

जनसत्ता

27 जुलाई, 2019

# मासूमों की सुरक्षा

यह एक आम राय है कि इंसाफ में देरी नाइंसाफी के बराबर है। यह अदालत में पहुंचे सभी मामलों के बारे में माना जा सकता है, लेकिन खासतौर पर बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के मुकदमों में सुनवाई और फैसले में देरी पीड़ित बच्चे की मनःस्थिति को तो बुरी तरह प्रभावित करती ही है, ऐसे अपराधों की रोकथाम के उपायों को भी कमजोर करती है। यों बच्चों की सुरक्षा के लिए तमाम नियम-कायदे बनाए गए हैं, विशेष पॉक्सो कानून है, जिसे हाल ही में और मजबूत किया गया है। इसके बावजूद आज भी बच्चे अगर खतरनाक हालात में जी रहे हैं तो इसकी वजह समाज की संरचना, कुंठित लोगों की आपराधिक मानसिकता, न्याय-प्रक्रिया की जटिलता और फैसलों में देरी है। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के मुकदमों में इंसाफ की रफ्तार को तेज करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि जिस जिले में बच्चों से बलात्कार और पॉक्सो कानून के तहत सौ से ज्यादा मुकदमे लंबित हैं, वहां साठ दिनों के भीतर विशेष पॉक्सो कोर्ट का गठन किया जाए।

हालांकि मुकदमों की सुनवाई और फैसलों में देरी की एक सबसे बड़ी वजह अदालतों में जजों की कमी और मुकदमों का अंबार होता है। इसीलिए मुकदमे सालों-साल चलते रहते हैं और अपराधियों की प्रवृत्ति और उनके मनोबल पर कोई खास असर नहीं पड़ता है। बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध जटिल प्रकृति के होते हैं। ऐसे तथ्य अनेक बार सामने आ चुके हैं कि बच्चों के यौन उत्पीड़न के ज्यादातर मामलों में आरोपी उनके नजदीकी या परिचित ही होते हैं। जान-पहचान का या रिश्तेदार होने से लेकर धमकी और प्रलोभन जैसे कई कारक होते हैं, जिनकी वजह से बच्चे वक्त पर किसी को भी अपने खिलाफ होने वाले अपराध के बारे में बता नहीं पाते हैं। बच्चों के सदमे में जाने और इस तरह के मामलों को बताने के लिए सहज तौर-तरीकों से अनजान रहने की वजह से भी काफी मुश्किल होती है। हालत यह है कि अगर कभी कोई बच्चा माता-पिता को अपने साथ हुई किसी गलत हरकत के बारे में बताना भी चाहता है तो उसे उचित शब्द नहीं मिल पाते। लेकिन विडंबना यह है कि हमारे समाज से लेकर समूचा तंत्र इस मसले पर साहसपूर्ण तरीके से सोचने की कोशिश नहीं करता है।

इस मसले पर समाजशास्त्रियों ने कई बार इस तरह के सुझाव दिए हैं कि स्कूली पाठ्यक्रमों में यौन शिक्षा को शामिल किया जाए। लेकिन संस्कृति और परंपरा आदि का हवाला देकर इस तरह के विचारों को दरकिनार किया जाता रहा है। जबकि संवेदनशील तरीके से की गई यौन शिक्षा की व्यवस्था बच्चों को अपने शरीर और उसके साथ होने वाली हरकत को समझने और समय पर उससे बचने या विरोध करने में मददगार साबित हो सकती है। अब कोर्ट सलाहकार ने भी बच्चों को यौन अपराधों के बारे में जानकारी देने, यौन शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रमों में शामिल करने और स्कूल सहित सार्वजनिक स्थानों पर भी बच्चों की सहायता के लिए विशेष प्रशिक्षित कर्मचारियों और हेल्पलाइन नंबर की व्यवस्था सहित कई उपयोगी सुझाव दिए हैं। इसके अलावा, कानूनी मोर्चे पर भी बच्चों के कोमल मन-मस्तिष्क का खयाल रखते हुए उनके सहयोग की व्यवस्था करने की जरूरत है। बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों से निपटने के मुद्दे पर टालमटोल का ही नतीजा है कि देश भर में इस साल जनवरी से जून के बीच बच्चियों से बलात्कार के करीब ढाई हजार मामले दर्ज हुए। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों की रफ्तार को नहीं रोका गया तो उसका असर समूचे समाज के भविष्य पर पड़ेगा।

# वसूली का संकट

आम्रपाली समूह ने फ्लैट खरीदने वालों के पैसों का अपने दूसरे धंधों के लिए किस तरह से इस्तेमाल किया, इसकी परतें अब खुल रही हैं। इस समूह के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय में दर्ज मामलों और उनकी जांच में यह सामने आया है कि लोग फ्लैट खरीदने के लिए जो पैसा दे रहे थे, उसे समूह की दूसरी कंपनियों और कुछ बड़े-बड़े लोगों की कंपनियों में डाल दिया जाता था। ऐसे में कैसे परियोजनाएं पूरी होतीं और लोगों को फ्लैट मिलते? जाहिर है, निवेशकों के साथ धोखाधड़ी का यह खेल लंबे समय से चल रहा था। प्रवर्तन निदेशालय की जांच बता रही है कि समूह ने निवेशकों का पैसा आइसीसी के प्रमुख शशांक मनोहर के खाते और क्रिकेट खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी की कंपनी में भी स्थानातंरित किया। संभव है, जांच में ऐसे कई और नाम आएं। आम्रपाली समूह की अपनी छियालीस पंजीकृत कंपनियां हैं। इस तरह आम्रपाली समूह निवेशकों की रकम डकारता रहा और बाद में उसने फ्लैट खरीदारों को ठेंगा दिखा दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अगर इस मामले में सख्त रुख नहीं दिखाया होता तो निवेशकों को न्याय मिलना संभव नहीं था।

इस हफ्ते के शुरू में सुप्रीम कोर्ट ने आम्रपाली समूह के खिलाफ बड़ा फैसला देते हुए फ्लैट खरीदारों को बड़ी राहत दी। अब इस समूह के सारे अधूरे फ्लैटों का काम पूरा करने की जिम्मेदारी सरकारी कंपनी नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (एनबीसीसी) को सौंपी गई है। यानी बयालीस हजार से ज्यादा निवेशकों को फ्लैट तैयार करके देना अब एनबीसीसी की जिम्मेदारी है। लेकिन सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए पैसा कहां से लाया जाए। हालांकि एनबीसीसी ने पैसा जुटाने का जो खाका सुप्रीम कोर्ट के समक्ष रखा है, उससे कुछ उम्मीद बंधती है, लेकिन यह सब इतना आसान नहीं है। एनबीसीसी का कहना है कि बिना बिके फ्लैटों और आम्रपाली की व्यावसायिक जायदाद को बेच कर यह रकम जुटाई जाएगी और अधूरे निर्माण पूरे किए जाएंगे। कुछ पैसा मौजूदा फ्लैट खरीदारों से भी मिलेगा। लेकिन सवाल यह है कि खरीदारों की जिस रकम को आम्रपाली समूह ने दूसरी कंपनियों और निवेशकों के खाते में डाल दिया था, उसकी वसूली कैसे होगी? यह कोई आसान काम नहीं है। सारे मामले को अभी लंबी जांच और कानूनी प्रक्रिया से गुजरना है। जबकि एनबीसीसी को फ्लैट जल्दी ही खरीदारों को सौंपने होंगे। लोगों को हकीकत में न्याय तभी मिल पाएगा। अगर पैसे के अभाव में एनबीसीसी फ्लैटों का निर्माण नहीं करा पाया तो फिर से नया संकट खड़ा हो सकता है।

आम्रपाली बिल्डर ने सिर्फ खरीदारों को नहीं, बैंकों और नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को जो नुकसान पहुंचाया है, उसकी भरपाई आसान नहीं है। आम्रपाली बिल्डर पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बकाया है। इसी तरह नोएडा प्राधिकरण का बिल्डरों पर सत्रह हजार करोड़ रुपया बकाया है, इसमें बाईस सौ करोड़ रुपया आम्रपाली समूह का है। सवाल है कि ये दोनों प्राधिकरण अरबों-खरबों की रकम बिल्डरों से कैसे वसूल पाएंगे! यह बिल्डरों और प्राधिकरणों के अधिकारियों के गठजोड़ का ही नतीजा है कि बिल्डर अरबों रुपए डकारते गए और सरकारी महकमों को चपत लगाते चले गए। प्राधिकरण कितने लाचार हो चुके हैं, इसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि बड़े बकाएदारों की जमीन का आबंटन रद्द कर जमीन को कब्जे में लेने तक की उनकी हिम्मत नहीं हुई। ऐसा इसलिए है कि प्राधिकरण भ्रष्टाचार के अड्डे बने हुए हैं। इसीलिए फ्लैट खरीदारों की यह दुर्गति हुई।

## कल्पमेधा

प्रसन्नता को जितना लुटाएंगे उतनी ही
अधिक हमारे पास आएगी।
-विक्टर ह्यूगो

# होर्मुज की आंच में तपती खाड़ी

ब्रह्मदीप अलूने

**ईरान को लेकर खाड़ी में उत्पन्न हुए इस संकट के पीछे अमेरिका और सऊदी अरब की साझा रणनीति और हिंसक कूटनीति रही है। इसके दूरगामी परिणाम बेहद घातक हो सकते हैं। सऊदी अरब अपने पारंपरिक और धार्मिक (शिया) प्रतिद्वंद्वी ईरान को आर्थिक रूप से तबाह करने के साथ ही उसे मिटा देने पर आमादा है। अरब दुनिया में एकछत्र आधिपत्य का ख्वाब पूरा करने को प्रतिबद्ध सऊदी अरब अमेरिका-ईरान के बीच तनाव को अपने लिए एक बड़े अवसर के रूप में देख रहा है।**

ईरान को अरब प्रायद्वीप से अलग करने वाला होर्मुज जलडमरूमध्य युद्ध के मुहाने पर खड़ा है। अमेरिका का जंगी बेड़ा अब्राहम लिंकन बी-52 युद्ध पोतों के साथ मध्यपूर्व को युद्ध की आग में झोंकने को तैयार है। दूसरी ओर आर्थिक प्रतिबंधों से जूझ रहा ईरान महाशक्ति के आगे रुकने और झुकने को तैयार नहीं है। अपने जहाज को जिब्राल्टर में ब्रितानी बलों द्वारा पकड़े जाने से खफा होकर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से एक ब्रितानी टैंकर को पकड़ कर अपने खतरनाक इरादे जाहिर भी कर दिए हैं। अरब दुनिया का इतिहास रहा है कि यहां शांति और अशांति महाशक्तियां ही तय करती रही हैं। मध्य पूर्व के तेल और प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर इन देशों में वैधानिक सत्ता को अस्थिर करके और गृह युद्ध की आग में झोंक कर महाशक्तियां अपने हित संवर्धन करती रही हैं और अमेरिका इसमें अग्रणी रहा है। तमाम परेशानियों और चुनौतियों के बीच ईरान, अमेरिका की नव उपनिवेश बनाने की कोशिशें को पिछले कुछ सालों से लगातार असफल करने के लिए संघर्षरत है।

दरअसल, मध्यपूर्व का तेल दुनिया के आर्थिक जीवन का प्राण है। पश्चिमी यूरोप अपना तीन चौथाई तेल अरब देशों से ही आयात करता है। कच्चे तेल का सबसे बड़ा मार्ग होर्मुज की खाड़ी को माना जाता है। यह इलाका अब गहरे तनाव में है। दुनिया की सैन्य शक्ति में ईरान भले ही बहुत पीछे हो लेकिन भौगोलिक परिस्थितियां उसके अनुकूल हैं। इसीलिए होर्मुज में उसके तेवरों से दुनिया में खलबली मची हुई है। इस समुद्री इलाके से ही मध्यपूर्व से निकलने वाला तेल अमेरिका, एशिया, यूरोप, अफ्रीका और दुनिया के अन्य बाजारों में पहुंचता है और इसे ईरान बाधित कर दे तो दुनिया की अर्थव्यवस्था बहुत कम समय में चौपट हो सकती है। इस खाड़ी से रोजाना एक करोड़ नब्बे लाख बैरल तेल गुजरता है, यानी दुनिया का बीस फीसद कच्चा तेल यहीं से होकर जाता है।



ईरान को लेकर खाड़ी में उत्पन्न हुए इस संकट के पीछे अमेरिका और सऊदी अरब की साझा रणनीति और हिंसक कूटनीति रही है। इसके दूरगामी परिणाम बेहद घातक हो सकते हैं। सऊदी अरब अपने पारंपरिक और धार्मिक (शिया) प्रतिद्वंद्वी ईरान को आर्थिक रूप से तबाह करने के साथ ही उसे मिटा देने पर आमादा है। अरब दुनिया में एकछत्र आधिपत्य का ख्वाब पूरा करने को प्रतिबद्ध सऊदी अरब अमेरिका-ईरान के बीच तनाव को अपने लिए एक बड़े अवसर के रूप में देख रहा है। पिछले कई सालों से सऊदी अरब और ईरान की आपसी लड़ाई से पूरा अरब बेहाल है। ईरान एक मजबूत और शिया बहुल देश है जो अमेरिका, इजराइल और सऊदी अरब की आंखों की किरकिरी होने के बाद भी अपने मजबूत राष्ट्रवाद के बूते जिंदा और आबाद है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड सीरिया और ईरान में कट्टरपंथी सुन्नी एकाधिकार को चुनौती दे रहे हैं, वहीं लेबनान का हिजबुल्ला आतंकी संगठन इजराइल की नाक में दम किए हुए है। यमन के हूती विद्रोही शिया प्रभाव को उस इलाके में काबिज रखे हुए हैं।

ईरान पर अमेरिका के ताजा प्रतिबंधों को लेकर कोई वैधानिक कारण तो नजर नहीं आता, बल्कि अरब में ट्रंप की नाकामियों से उपजी हताशा ही ज्यादा प्रतिबिंबित हो रही है। तमाम कोशिशों के बावजूद सीरिया और इराक में अमेरिकी फौजों को अपेक्षित सफलता न मिल पाना ट्रंप के लिए असहनीय हो गया है। इसके पूर्व ओबामा प्रशासन ने साल 2015 में अपने सहयोगियों के साथ ईरान से एक समझौता किया था, जिसके तहत साल 2016 में अमेरिका और अन्य पांच देशों से ईरान को तेल बेचने और उसके केंद्रीय बैंक को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबार की अनुमति मिली थी। ओबामा के इस समझौते को ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने की कोशिशों के तौर पर देखा गया था। लेकिन पिछले साल ट्रंप प्रशासन ने इस समझौते को तोड़ दिया और अमेरिका समझौते से अलग हो गया। इसके साथ ही इस इलाके में शांति की कोशिशें भी धराशायी हो गईं।

ईरान को दबाने की ट्रंप प्रशासन की गतिविधियों से दुनिया के कई देश खुश नहीं हैं। दुनिया भर में परमाणु कार्यक्रमों पर नजर रखने वाली संस्था इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आइएईए) के अनुसार ईरान 2015 के समझौते का पालन कर रहा था, ऐसे में उस पर परमाणु हथियार बनाने के ट्रंप के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। यूरोपियन यूनियन और ट्रंप के बीच व्यापारिक मतभेद जगजाहिर हो चुके हैं। अमेरिका में ट्रंप के आने के बाद उनकी आर्थिक नीतियों से यूरोप के देश नाराज हैं। ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस जैसे देश ईरान से हुए समझौते का पालन करना चाहते हैं, लेकिन अमेरिकी डॉलर के वैश्विक प्रभाव का तोड़ अभी किसी के पास नहीं है। ईरान से सबसे ज्यादा तेल खरीदने वाला चीन अपनी परेशानी साझा कर चुका है, वहीं अमेरिकी कदम से भारत भी सकते में है।

इसके पहले ईरान ने ऐसे आक्रामक तेवर 1973 में दिखाए थे जब उसने कच्चे तेल की नीलामी खुले बाजार में करने की घोषणा की थी। इसका निशाना अमेरिका और जापान जैसे देश थे और इसका प्रभाव एशिया और अफ्रीका के विकासशील और पिछड़े देशों पर पड़ा था जिनके लिए महंगा तेल खरीदना संभव नहीं था। अमेरिका और ईरान के बीच हालिया संकट से सबसे ज्यादा चिंतित विकासशील और पिछड़े देश ही हैं जो तेल संकट झेल पाने की स्थिति में बिल्कुल नहीं हैं। अमेरिका ने ईरान से तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगा कर ऐसे कई देशों की समस्याओं को बढ़ा दिया है।

अमेरिका और ईरान के बीच संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी ड्रोन को मार गिराने के बाद ईरान अब सीआइए के जासूसों को मौत की सजा देने का दावा भी कर रहा है। वास्तव में अमेरिकी प्रतिबंधों से परेशान ईरान अब सैन्य और समुद्री आक्रामक नीति से विश्व को कड़ा संदेश देने का फैसला कर चुका है। मध्य पूर्व का भौगोलिक क्षेत्र तीन महाद्वीपों- यूरोप, एशिया और अफ्रीका का संगम क्षेत्र है। यह क्षेत्र लाल सागर, काला सागर और एड्रियाटिक सागर नामक तीन जलडमरूमध्यों के द्वारा चौथे समुद्र भूमध्यसागर से भी जुड़ा है। सीमा की दृष्टि से यह महत्त्वपूर्ण क्षेत्र अल्जीरिया और ट्यूनीशिया की पूर्वी सीमा से लेकर अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक फैला हुआ है। मध्यपूर्व की राजनीति को तेल की अंतरराष्ट्रीय राजनीति से अलग कर देखना असंभव है।

अमेरिका की नजर ईरान के तेल कुंओं पर है और वह उस पर दबाव डालने के लिए वैश्विक समझौतों और भावनाओं को लगातार दरकिनार कर रहा है। तेल का भाव डॉलर से तय होता है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव में उतार-चढ़ाव पर अमेरिका का नियंत्रण होता है। ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ताजा संकट में होर्मुज जलडमरूमध्य को ढाल की तरह इस्तेमाल करने की रणनीति पर चल रहे हैं। रूहानी ने अपने इरादे साफ कर दिए हैं कि 'अगर किसी दिन अमेरिका ने ईरान के तेल की बिक्री रोकने की कोशिश की तो फिर फारस की खाड़ी से किसी का तेल निर्यात नहीं हो पाएगा।' सऊदी अरब, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक से निर्यात किए जाने वाले अधिकांश कच्चे तेल को इसी जलमार्ग से भेजा जाता है।

बहरहाल, होर्मुज जलडमरूमध्य में उठा ज्वार फिलहाल थमता दिखाई नहीं दे रहा है। इसके प्रभाव को तुरंत रोकने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र को इस मामले में हस्तक्षेप कर युद्ध टालने की कोशिश करनी चाहिए। युद्ध की दशा में ईरान का तबाह होना और तेल के बेतहाशा दाम बढ़ना तय है। इससे अरब में अस्थिरता आएगी, दुनियाभर के कई देशों की अर्थव्यवस्था चौपट हो सकती है और आतंकवाद और भयावह रूप में सामने आ सकता है।

# प्रयोग की कसौटी

अरविंद दास

## दुनिया मेरे आगे

समकालीन मीडिया परिदृश्य पर सोशल मीडिया और टेलीविजन हावी हैं। सूचना क्रांति से लैस इन माध्यमों में खबरों के उत्पादन और प्रसारण की हमेशा हड़बड़ाहट रहती है। 'ब्रेकिंग न्यूज', 'फास्ट न्यूज' पर जोर रहता है। हालांकि मीडिया विमर्शकारों के बीच प्रिंट मीडिया या समाचार-पत्र जैसे पारंपरिक माध्यम की अहमियत फिर से बढ़ी है। ऐसे में डेढ़ सौवें जयंती वर्ष में महात्मा गांधी की पत्रकारिता और उनके मूल्यों को याद करना जरूरी लगता है। वे राजनेता, विचारक के साथ-साथ एक कुशल पत्रकार भी थे। जब वे बैरिस्टर की पढ़ाई करने लंदन गए तब कानून के एक छात्र के रूप में पत्रकारिता से उनका सामना हुआ। साथ ही, सन 1890 में 'द वेजिटेरियन' में छह लेखों की एक शृंखला से उनके पत्रकारिता कर्म की शुरुआत हुई। इन लेखों में उनके एक सजग आलोचक रूप के दर्शन होते हैं। बाद में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गांधीजी ने पत्रकारिता के माध्यम से जो भूमिका निभाई, भारतीय जनमानस और पत्रकारों को जिस रूप में उद्वेलित किया, वह भारतीय पत्रकारिता के इतिहास की एक धरोहर है। गांधीजी के सत्य और अहिंसा के विचारों की गहरी छाप हिंदी अखबारों पर खासतौर पर पड़ी। उस दौर में हिंदी के अधिकतर पत्रकार-संपादक स्वतंत्रता सेनानी भी थे।

जहां गांधीजी के द्वारा संपादित पत्रों- 'यंग इंडिया', 'नवजीवन', 'हरिजन' आदि की चर्चा होती है, वहीं 'इंडियन ओपिनियन' पत्र के साथ उनका जुड़ाव हमारे विचार-विमर्श में शामिल नहीं हो पाता। कहीं न कहीं छूट जाता है। असल में दक्षिण अफ्रीका में अपने प्रवास (1893-1914) के दौरान गांधीजी ने 'इंडियन ओपिनियन' के साथ जुड़ कर अपने विचारों की धार को तेज किया जो बाद के उनके सत्याग्रह और पत्रकारीय कर्म में काफी महत्त्वपूर्ण साबित हुआ था। गांधीजी ने अपनी आत्मकथा में इस पत्र के बारे में लिखा है- 'मनसुखलाल नाजर इसके संपादक बने। पर संपादन का सच्चा बोझ तो मुझ पर ही पड़ा।' दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह की लड़ाई, भारतीयों के अस्मिता संघर्ष में इस पत्र की केंद्रीय भूमिका थी। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया है कि 'इंडियन ओपिनियन' के बिना सत्याग्रह असंभव होता।

1903 में इंडियन प्रिंटिंग प्रेस से निकलने वाला यह एक बहुभाषी पत्र था। अंग्रेजी के अलावा गुजराती में यह पत्र प्रकाशित होता था। साथ ही कुछ समय तक यह तमिल और हिंदी में भी छपा। इतिहासकार उमा धुपेलिया मिस्त्री ने नोट किया है कि 'इस पत्र के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण घटना तब घटी, जब गांधी ने 1904 में इसे डरबन से चौबीस किलोमीटर दूर फीनिक्स के सौ एकड़ फार्म में पुनर्स्थापित किया। यह गांधी पर लियो टॉलस्टाय और जॉन रस्किन का प्रभाव दिखलाता है। 'इंडियन ओपिनियन' का इतिहास फीनिक्स आश्रम से साथ अंतर्गुंफित है।' यह विचार प्रधान साप्ताहिक समाचार पत्र भारत, अफ्रीका और ब्रिटेन में मौजूद पाठकों को लक्षित था। पत्र का मुख्य लक्ष्य पाठकों में चेतना का विकास और नैतिक बल विकसित करना था। इसके लिए गांधीजी 'इंडियन ओपिनियन' में सुदूर देशों के पत्रों से संकलित सार-संग्रह को प्रकाशित किया करते थे। पत्र की भाषा उन्होंने सहज और सरल रखी। विचारों और खबरों के संप्रेषण और संपादन के लिए जो तरीका उन्होंने अपनाया, वह साम्राज्यवाद विरोधी और मशीनी दखल से जिरह करता हुआ नजर आता है।

सन 2013 में हावर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस से छपी इतिहासकार इसाबेल हॉफ्मायर की किताब 'गांधीज प्रिंटिंग प्रेसः एक्सपेरिमेंट इन स्लो रीडिंग' में इस बात की विस्तार से चर्चा है कि किस तरह गांधी ने खबरों के उत्पादन, प्रसारण और पढ़ने के तरीकों के लिए धीमी गति की पत्रकारिता पर जोर दिया। वे अपने लेखों में पाठकों को समाचारपत्र पढ़ने की गति धीमी रखने और पाठ को बार-बार पढ़ने को कहते थे। पाठकों का मनन और चिंतन उनकी चिंता के केंद्र में था। यह सब गांधीजी के सत्याग्रही तेवर को दिखाता है। वे हर पाठक में एक सत्याग्रही की संभावना देखते थे। उल्लेखनीय है कि गांधी ने 'इंडियन ओपिनियन' के गुजराती के पाठकों के लिए ही 'हिंद स्वराज' की रचना की थी, जहां पाठक और संपादक के बीच संवाद प्रमुख है।

सवाल है कि गांधीजी की 'धीमी पत्रकारिता' के प्रयोग को हम किस रूप में देखें। सोशल मीडिया और टीवी समाचार चैनल आज भी सच दिखाने, सच के साथ खड़े होने, सत्ता से सच बोलने की बात करते हैं। जाहिर है, उनका आग्रह भी सत्य के साथ ही है, पर गांधी के सत्याग्रह के ये कितने करीब कहे जा सकते हैं? 'फेक न्यूज' के इस दौर में मुख्यधारा की पत्रकारिता की जवाबदेही राष्ट्र-राज्य और नागरिक समाज के प्रति पहले से कहीं ज्यादा है। पर क्या तथ्य से सत्य की प्राप्ति पर उनका जोर है? गांधीजी ने ऐसी पत्रकारिता की परिकल्पना की थी जो राज्य और बाजार के दबाव से मुक्त हो। सवाल यह भी है कि आज का पाठक खुद को पत्रकारिता के पूरे परिदृश्य में कहां खड़ा पाता है?

## चांद का सफर

भारत ने अपने अब तक के सबसे प्रतिष्ठित और जटिल अंतरिक्ष अभियान चंद्रयान-2 को चंद्रमा के सफर पर सफलतापूर्वक भेज दिया। यह हमारे लिए बहुत हर्ष और गर्व की बात है क्योंकि इस उपलब्धि के कारण आज हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में अमेरिका, रूस और चीन के बराबर जा पहुंचे हैं। निश्चित रूप से इस अभियान की सफलता का श्रेय हमारे उन सभी वैज्ञानिकों को जाता है जिन्होंने इस जटिल मिशन को अपने दिन-रात के अथक परिश्रम के बूते अंजाम दिया और सफल किया। खास बात यह भी है कि हमारा चंद्रयान-2 पूर्णतः स्वदेशी तकनीक से बनाया गया है।

चंद्रमा पर मौजूद ऊर्जा के अपार भंडार के विषय में इसरो के अध्यक्ष के. सिवन का एक बयान बेहद प्रेरित करने वाला रहा। उन्होंने कहा, 'जिस देश के पास ऊर्जा के इस अकूत स्रोत को चंद्रमा से धरती पर लाने की क्षमता होगी, वह इस पूरी प्रक्रिया पर राज करेगा। मैं केवल इस प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बनना चाहता बल्कि इसका नेतृत्व करना चाहता हूं।' सिवनजी का यह बयान संसार के सभी देशों को साफ संदेश देता है कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में किसी भी देश से पीछे रहने वाला नहीं है बल्कि उनकी अगुवाई के लिए तत्पर है। अमेरिका के 'नासा' समेत विश्व की तमाम अंतरिक्ष एजेंसियां हमारी अंतरिक्ष एजेंसी इसरो का लोहा मान चुकी हैं।

अब इंतजार है उस क्षण का जब आगामी सात सितंबर को हमारा चंद्रयान-2 चंद्रमा की उस सबसे दुर्गम जगह दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा जहां पहुंचने का अभी तक किसी भी देश ने साहस नहीं किया है। उम्मीद है कि चंद्रयान-2 चंदा मामा के ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर करेगा, जो अभी तक रहस्य बने हुए हैं। निश्चित रूप से चंद्रयान-2 संपूर्ण मानवता के लिए बहुत बड़ा कदम साबित होगा।

● *अंकित रजक, दतिया, मध्यप्रदेश*

## न्याय की खातिर

बाल यौन शोषण की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश देकर सही किया कि उन जिलों में विशेष अदालतों का गठन करके ऐसे मामलों का निस्तारण किया जाए जहां इस तरह की सौ से अधिक वारदात सामने आ चुकी हैं। कहना कठिन है कि ऐसे जिले कितने हैं, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि बालक-बालिकाओं से दुष्कर्म की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। यह भी देखना होगा कि ये विशेष अदालतें फैसला देने में तत्परता का परिचय दें। यह अपेक्षा इसलिए कि कई बार विशेष अदालतें भी धीमी गति पकड़ लेती हैं।

देश में एक के बाद एक बर्बरता के ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिनसे दिल दहल जाता है, खासकर नाबालिगों के साथ दुष्कर्म के मामले। कठुआ बलात्कार कांड में दोषियों को सजा मिली थी, पर अभी तक फांसी नहीं दी गई। इसी कारण आज इन हैवानों में कानून का डर नहीं है। ऊना के स्कूल में शिक्षक ने नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म किया और नकोदर में एक बाप ने ही अपनी नाबालिग बेटी को हवस का शिकार बनाया। कोई बाप, कोई गुरु आखिर ऐसी बर्बरता कैसे कर सकता है! ऐसे मामले समाज को शर्मसार करते हैं।

हाल ही में सरकार ने बच्चों के खिलाफ बढ़ते यौन अपराधों को देखते हुए दोषियों के लिए मौत की सजा पर मुहर लगा दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पॉस्को कानून में संशोधन को मंजूरी दे दी है और बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री पर रोक लगाने के लिए जेल और जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। दरअसल, ऐसे अपराधों के खिलाफ हम सबको भी सतर्कता बरतनी होगी। न्यायतंत्र भी सजा देने में समय जाया न करे तभी इन दरिंदो में कानून का डर पैदा होगा।

● *राघव जैन, जालंधर*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**

## बेलगाम भ्रष्टाचार

हाल ही में विश्व बैंक द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में सालाना 6.5 हजार करोड़ रुपए की रिश्वत का लेन-देन होता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी भ्रष्टाचार सूचकांक में भारत 79 वें स्थान पर है। आज देश में भ्रष्टाचार दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से बढ़ता जा रहा है। सरकारी विभागों में जन्म या मृत्यु प्रमाण बनवाने तक के लिए घूस देनी पड़ती है। नेता व नौकरशाही भारत के विकासशील राष्ट्र होने के नाते खर्च के अवसर पर लाखों-करोड़ों रुपए के घोटाले कर देते हैं। जहां एक ओर जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा देश के विकास में लगना चाहिए वहीं यह नेताओं-नौकरशाहों की तिजोरियों में चला जाता है। ऐसे में सोचने वाली बात है कि भारत कैसे खुशहाल होगा और दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने के लक्ष्य को कैसे हासिल कर पाएगा?


● *कपिल एम वड़ियार, पाली, राजस्थान*

## बेलछी और सोनभद्र

अनेक राजनीतिक प्रेक्षकों का मत है कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोनभद्र जाकर राजनीति करने का फैसला इंदिरा गांधी द्वारा 1977 में बेलछी (बिहार) जाने की घटना से प्रेरित होकर लिया। जिस प्रकार इंदिराजी की राजनीतिक वापसी बेलछी से शुरू हुई, वैसी चमकदार वापसी की उम्मीद प्रियंका और उनके सलाहकारों ने सोनभद्र से पाली हुई थी। लेकिन मामला वैसा फलदायी नहीं बना, यह साफ दिखने लगा है। इसके कुछ स्पष्ट कारण हैं। जब इंदिरा गांधी 1977 में बेलछी हत्याकांड के बाद वहां गई थीं तब तक सरकार ने पीड़ितों के लिए कुछ नहीं किया था। इसलिए लोगों के जख्म हरे थे। पर अब प्रियंका द्वारा सोनभद्र का मामला उठाने से पूर्व ही प्रदेश सरकार 34 अभियुक्तों को पकड़ चुकी थी। फिर प्रियंका के अभियान की हवा इसलिए भी निकली कि मुख्य आरोपी के तौर पर कथित सपा नेता का नाम आया।

कांग्रेस व सपा के बीच कुछ न कुछ दोस्ती रहती आई है। तीसरी बात यह कि जहां इंदिराजी ने बेलछी जाने के लिए बाढ़ में डूबी सड़कों को हाथी द्वारा पार करके वहां और देश भर के लोगों को चकित कर दिया था, यहां तक कि खुद जयप्रकाश नारायण ने उनकी प्रशंसा की थी लेकिन प्रियंका की कोशिश का तो उनकी निकट सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी मजाक उड़ा दिया। उसके वरिष्ठ नेता माजिद मेनन ने इसे अवसरवाद की संज्ञा दी। सब मिलाकर देखें तो जहां बेलछी ने इंदिरा की वापसी का मार्ग प्रशस्त किया, वहीं सोनभद्र ने प्रियंका को दिखाया कि अभी दिल्ली दूर है।

● *पूनम मित्तल, मोहनपुरी, मेरठ*





‘जैसे ही मंत्रिमंडल का गठन होगा, लगेगा कि बम धमाका हो गया है’। सदन में बहस के दौरान विश्वास मत में हारे कर्नाटक के एचडी कुमारस्वामी ने सरकार बनाने जा रहे भाजपा के नेताओं को चेतावनी के लहजे में जो बात कही, उससे अंदेशा है कि 14 महीनों से चल रहा नाटक अभी खत्म होने वाला नहीं है। दलबदल से जनता के वोट पर जो डाका पड़ रहा है उसका इलाज क्या है? चुनाव जब एक सार्वजनिक प्रक्रिया है, पार्टी के निशान पर वोट पड़ते हैं तो फिर दल बदलने के वक्त नेता को नागरिक के निजता का अधिकार नया सवाल उठा गया है। लोकतंत्र के पूरे ढांचे को ही अविश्वास में बदलने वाली इस कुरीति का इलाज क्या एक कानून के बदले दूसरा बना कर हो सकता है? जब गांधी के देश में ही ‘मजबूरी का नाम महात्मा गांधी’ जैसा भद्दा जुमला लोक की जुबान पर चढ़ा हो तो ऐसे दौर में राजनीतिक वैचारिकी को मजबूत करने की बात कहता बेबाक बोल।

बेबाक बोल

# दलदल

मुकेश भारद्वाज

‘अगर बिकने पे आ जाओ तो घट जाते हैं दाम अकसर
न बिकने का इरादा हो तो कीमत और बढ़ती है’

14 महीने पहले ही लग गया था कि राजनीतिक अरमानों के जरा सा ऊपर-नीचे होते ही सूबे के स्वामी बदल जाएंगे। कल तक जो अधूरा भाषण छोड़ कर आंसू पोछते हुए विधानसभा से निकले थे, अब दोबारा मुख्यमंत्री बन चुके हैं। ठगी हुई सी जनता नेता रूपी अपने वोटों का इस दल से उस दल में आने-जाने का नाटक देख रही है।

‘मैंने तो ईवीएम को वोट दे दिया है अब वो जिसे दे दे...’, चुनावों के समय सोशल मीडिया पर जब यह चुटकुला लोकप्रिय हो रहा था तो अंदाजा नहीं था कि कर्नाटक, गोवा, बंगाल, बिहार, ओड़ीशा, उत्तर प्रदेश से लेकर हिंदुस्तान के नक्शे पर मौजूद कई राज्यों के बहुत से नेता उस पार्टी में नहीं रह जाएंगे, जिसमें जनता ने उन्हें वोट दिया था। ईवीएम की गुणवत्ता पर जितने भी सवाल उठे हों लेकिन किसी भी दल ने ईवीएम को लेकर ऐसा विरोध-प्रदर्शन नहीं किया कि चुनाव आयोग या अन्य जिम्मेदार संस्थाएं उस पर सोचने को मजबूर हो जाएं। शायद इन दलों के नेता उस ‘जन्नत की हकीकत’ जानते हैं जिसे हम लोकतंत्र कहते हैं। इन्हें पता है कि ईवीएम की खराबी तो ठीक हो सकती है लेकिन सत्ता सुख भोगने की हमारी बीमारी तो लाइलाज है।

तीन दशक पहले भारत में दलबदल कानून लागू हुआ था। माना गया था कि इस कानून से राजनीतिक स्थिरता आएगी। लेकिन इसके ढीले-ढाले प्रावधानों का लाभ उठाकर पिछले तीन दशकों में जनता के मत को बेमानी साबित किया जाता रहा है। इतने लंबे समय में किसी भी दल ने इसमें संशोधन करने की पुरजोर मांग कभी नहीं की। राजीव गांधी पर आरोप लगे थे कि उन्होंने सत्ता पर अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए इस कानून को पास कराया था, लेकिन उसके बाद क्या कांग्रेस, क्या भाजपा, सपा, बसपा या कोई स्वघोषित क्रांतिकारी दल, किसी ने भी इसके खिलाफ बोलना शुरू नहीं किया क्योंकि सबको इसका फायदा लेना था।

दलबदल पर बहस के साथ ही इस गलत प्रवृत्ति की शुरुआत की गलती के लिए भी जवाहरलाल नेहरू को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। आजाद भारत के दूसरे लोकसभा चुनाव में ही अखिल भारतीय स्तर पर कांग्रेस को अपनी सत्ता डोलती नजर आई। खासकर केरल में कम्युनिस्ट पार्टी को जबरदस्त सफलता मिली थी। ईलमकुलम मनक्कल संकरन नंबूदरीपाद की सरकार को नेहरू की अगुआई वाली केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 356 का सहारा लेकर बर्खास्त कर दिया। नंबूदरीपाद से लेकर जम्मू कश्मीर में शेख अब्दुल्ला तक की सरकार, कांग्रेस को जब-जब अपने केंद्रीय वजूद पर खतरा महसूस हुआ उसने क्षेत्रीय शक्तियों को कुचलने में कोई हिचक नहीं दिखाई। उसके बाद मोरारजी देसाई की अगुआई वाली जनता पार्टी की सरकार का भी यही हश्र हुआ। राजीव गांधी पर तो इलजाम है कि वे सत्ता पर वर्चस्व रखने के लिए ही दलबदल कानून लेकर आए थे। राजीव के अनुवर्ती नरसिंह राव तो शिबू सोरेन के ‘इधर-उधर’ पर ही आश्रित रहे। उस समय हुआ सांसद रिश्वत



कांड और झारखंड में शिबू सोरेन सरकार के गठन से लेकर पतन की कहानी भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है। येन-केन प्रकारेण सरकार बनाने की राजनीतिक संभावनाएं तलाशने की कुरीति ने प्राकृतिक संभावनाओं से भरे झारखंड में विकास की उम्मीदों पर ग्रहण लगा दिया। सदन में विश्वासमत की परीक्षाओं का वह दौर शुरू हुआ जिसने लोकतंत्र के वर्तमान स्वरूप पर ही अविश्वास पैदा कर दिया। जनता से लिए मत को ‘विश्वास’ में बदलने के लिए नेता घोड़ा मंडी में बिकने और खरीदने वाले माल सरीखे हो गए।

पचास के दशक का केरल हो, नब्बे का झारखंड या आज का कर्नाटक। सत्ता के लिए कुछ भी करने और मंडी में बिकने को तैयार इन नेताओं का इलाज क्या हो? मांग उठ रही है कि दलबदल कानून को मजबूत किया जाए, इसकी कमियों को दूर किया जाए। तो क्या वाकई में एक कमजोर कानून का हल उससे मजबूत कानून है? अगर कानून ही हल होता तो बात पहले वाले से ही बन जानी चाहिए थी।

हर दौर में एक कहावत अपने तरीके से कही जाती है कि चोर चोरी करने का रास्ता निकाल ही लेता है। पहले सोने-चांदी को दीवारों में चुनवा कर रखते थे तो चोर उसमें सेंध लगा लेते थे। फिर तिजोरी-ताले आए तो उसे तोड़ने के तरीके खोज लिए गए। आधुनिक लॉक को खोलना आसानी से सीख लिया तो बैंकों में सुरक्षित धन को इंटरनेट से ही हैकर उड़ाने लगे। लब्बोलुआब यह कि चोरी रोकने का हल ताला नहीं है।

कर्नाटक मामले में फिलहाल ताजा व्यवस्था यह बनाई गई कि इस्तीफा देनेवालों को सदन में मौजूद होना जरूरी नहीं है। यह फैसला दलदबदल कानून की उस मूल भावना के उलट है जिसमें सांसद या विधायक को सामूहिकता में देखा गया था। यह व्यवस्था हर सांसद को निजी इकाई मानती है और व्यक्ति के निजता के अधिकार की रक्षा की बात करती है। विधायक या सांसद स्वतंत्र है, उसकी पहचान नागरिक की है। संविधान उसकी निजता की रक्षा करेगा। दलदबदल कानून में इसी चीज का विरोध किया गया था।

अब स्थिति यह है कि जब आप चुनाव लड़ रहे हैं तो पार्टी आपकी पहचान है, पार्टी का नेतृत्व आपका चेहरा है। यह वह दौर है जब भारतीय चुनाव अध्यक्षीय व्यवस्था का रूप लेता जा रहा है और जनता एक केंद्रीय चेहरे की अपील पर स्थानीय नेता चुन रही है। लेकिन जब वह जीत कर दूसरी पार्टी में जाना चाहेगा तो वहां उसके निजता के अधिकार की बात आ जाएगी।

दलबदल पर इन विरोधाभासी हालात के बीच हम बात फिर ताला बनाम चोरी की करते हैं। संविधान और कानून सत्ता चलाने वालों के हाथों में होता है। संविधान या कानून की किताबों में चाहे कितने भी अधिकार सुरक्षित कर दिए जाएं, कितने ही कर्तव्य दर्ज कर दिए जाएं लेकिन अगर उसे लागू करने वाले लोग ईमानदार नहीं होंगे तो फिर चोरी का रास्ता हर तरफ से खुलता है। अपने वोट पर पड़े डाके को देख जनता की तरफ से मांग उठ रही है कि उनके पास वोट वापसी का अधिकार होना चाहिए। एक मांग यह भी है कि दल बदलने के बाद नेताजी की विधायकी या सांसदी का तमगा कायम रहने दिया जाए, लेकिन उन्हें सदन में मत विभाजन में भागीदारी करने पर रोक लगानी चाहिए।

जब तक सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाएं कमजोर होती रहेंगी, सत्ता के लालच में एक पार्टी के नेता पर दूसरी पार्टी का निशान चस्पा करने का तरीका खोजा ही जाता रहेगा। मौजूदा दलबदल कानून में अहम यह नहीं है कि दलबदल करने वालों पर लगाम कैसे लगानी है, इसका मकसद संविधान का पालन करवाना है। राजनीति में विचारधारा और नैतिकता को रौंदने वालों के खिलाफ जनता को ही उठ खड़ा होना होगा। जब तक परिवार से लेकर स्कूल और विश्वविद्यालय तक की इकाइयों में विचारधारा और नैतिकता के प्रति समर्पण मजबूत नहीं करवाया जाएगा, तब तक संसद में लोकतंत्र इसी तरह पलटी खाता रहेगा। जब गांधी के देश में ही ‘मजबूरी का नाम महात्मा गांधी’ वाला जुमला दोहराया जाएगा तो देश की वैचारिक विरासत कैसे बची रहेगी। वैचारिकता और नैतिकता को मजबूती मानने का दौर शुरू किए बिना लोकतंत्र को घोड़ा मंडी बनने से बचाना मुश्किल है।

इस विशेष पन्ने पर आपके ढेरों पत्र हमें लगातार मिलते हैं। हर बार मुमकिन नहीं कि सारे पत्रों का हम इस्तेमाल कर पाएं। पर यह तो तय है कि आपके पत्रों से आपकी पसंद और विषयों के चुनाव में हमें मदद मिलती है। इस बार का यह विशेष पन्ना आपको कैसा लगा? आप अपनी राय भेज सकते हैं।
हमारी ई-मेल आइडी है : vishesh.jansatta@expressindia.com

## आपके पत्र

### जरूरी है मजबूत नेता

लोकतंत्र में टीम भावना सबसे अहम है। लेकिन आज इसकी जगह व्यक्तिवादी स्वार्थ ले चुका है। राजनीति में परिवारवाद को बढ़ावा भी इसी स्वार्थ केंद्रित सोच से ही मिला है। कांग्रेस आज एक सैद्धांतिक अवरोध की स्थिति में है। इसका कारण उचित नेतृत्व का अभाव है। एक मजबूत नेता के अभाव को दूर किए बिना पार्टी की इस दिशाहीनता को खत्म नहीं किया जा सकता। ऐसा लगता है कि कांग्रेस जितनी पुरानी पार्टी है उतने ही पुराने इस पार्टी के दुराग्रह भी हैं। सिर्फ गांधी परिवार के आश्रय में पलकर पार्टी का उद्धार नहीं हो सकता बल्कि एक नए सिरे से इसके बुनियादी सांगठनिक अवयवों की मरम्मत का काम बहुत जरूरी हो गया है।

-सुमन शर्मा, रोहिणी

### अस्तित्व का संकट

‘गुरु हो गए शुरू’ पर बेबाक बोल यथार्थ के धरातल पर कांग्रेस के अस्तित्व से लड़ती भिड़ती गाथा का पारदर्शी प्रतिबिंब है। निजी अहंकार और महत्त्वाकांक्षा की लंबी होती लकीरों ने ‘गुरु’ जैसे व्यक्ति को संगठन की परिधि से दूर कर दिया है। जब ये भाजपा में रहे कमल की सुगंध से सराबोर हो दल और प्रधानमंत्री के कसीदे गढ़ते रहे और जब दल का परित्याग कर कांग्रेस की कलाई थामी तो कैप्टन साहब को अपने पिता के समतुल्य मानने में कोताही नहीं बरती। सिद्धू की मूल समस्या है कि वे आत्म प्रवंचना से मुदित हो अपनी हर गलती को अपनी राजनीति का हथियार मानकर प्रहार की मुद्रा में आ जाते हैं जहां न उन्हें दल की प्रतिष्ठा दिखती है और न वे दिल की आवाज सुनकर आत्मचिंतन का भाव रखते हैं। कांग्रेस जो अब राजनीति की ढलान पर अनुशासन की आत्मा से मुक्त हो निजी निर्णयों की प्राथमिकता में प्रवेश कर चुकी है, उसे अपनी खोई अस्मिता के घाव भरने के लिए नए सिरे से प्राण संचार करना होगा।

-डॉक्टर अशोक कुमार, पटना।

### बड़बोलेपन का खेल नहीं है राजनीति

सिद्धू क्रिकेट और टीवी रियलिटी शो से मिली ख्याति के कारण अति आत्मविश्वास के शिकार हो गए। सिद्धू शुरू से ही मुख्यमंत्री को दरकिनार कर सीधा आलाकमान से बात करते रहे हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि राजनीति सिर्फ बड़बोलेपन का खेल नहीं है।

- **भूपेंद्र कुलदीप सिंह**, पानीपत, हरियाणा।

### युवा शक्ति को लाने का वक्त है यह

युवा संत स्वामी विवेकानंद ने भारत के बारे में एक सपना देखा था और कहा था कि हमारे देश को सर्वोच्च चोटी पर यहां की युवा शक्ति ही ले जा सकती है। आज के दौर में भाजपा ने युवा शक्ति को पहचाना है। कांग्रेस ठीक सत्ताधारी दल के विपरीत काम कर रही है। एक तरफ लोकसभा चुनाव में हार के बाद समीक्षा की जरूरत थी तो वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से राहुल के इस्तीफे के बाद आज तक कांग्रेस को केंद्रीय नेतृत्व देने वाला मजबूत नेता नहीं मिला। दुनिया में सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश होने से युवाओं की सोच का नया भारत बनाने की जरूरत है। वहीं कांग्रेस अब भी अपनी पुरानी नीति वाली राजनीति के चक्कर में पड़ी हुई है।

- **नितेश कुमार सिन्हा**, मोतिहारी, बिहार

## राजपाट

### टोह जयचंद की

गठबंधन सरकार तो कर्नाटक में गिरी पर खौफ राजस्थान में भी दिखने लगा है। हालांकि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पुराने जादूगर रहे हैं। वे आसानी से बाजी हारने वाले नहीं। यों भी भाजपाइयों के निशाने पर अभी मध्यप्रदेश है। जहां कमलनाथ की कांग्रेस सरकार सपा, बसपा और निर्दलियों के समर्थन से चल रही है। लेकिन राजस्थान व मध्यप्रदेश की स्थिति कर्नाटक से अलग ठहरी। कर्नाटक में चुनाव बाद भाजपा सबसे बड़े दल के तौर पर उभरी थी। राज्यपाल ने उसके नेता येदियुरप्पा को शपथ भी दिला दी थी। पर वे सुप्रीम कोर्ट की तय समय सीमा के भीतर बहुमत साबित नहीं कर पाए थे। उधर कांग्रेस ने दूसरे नंबर की पार्टी होने के बावजूद भाजपा को रोकने के लिए तीसरे नंबर की पार्टी जनता दल (एस) को समर्थन देकर कुमार स्वामी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनवा दी थी। यों तो यह गठबंधन बेतुका ही था। पर इसकी विफलता लोकसभा चुनाव के नतीजों ने बढ़ा दी। दोनों दल इस चुनाव में तालमेल से उतरे पर बुरी तरह हारे। यहां तक कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा भी संसद का मुंह न देख पाए। बहरहाल राजस्थान में कांग्रेसी खेमा डरा हुआ तो है। वैसे भी आजकल किसी का कोई भरोसा नहीं। कांग्रेस में शिखर पर नेतृत्व के संकट से भी राज्यों में अफरा-तफरी बढ़ी है। गोवा में पार्टी के दो तिहाई यानी दस विधायकों का एक साथ अलग होकर दल बदल करना मामूली घटना नहीं। यानी भाजपा अगर अपनी पर उतर आए तो और कुछ नहीं तो कांग्रेस के कुछ विधायकों से इस्तीफे तो दिला ही सकती है। दरअसल राजस्थान में कांग्रेस की परेशानी अपने ही वरिष्ठ विधायकों के तल्ख रवैए ने बढ़ाई है, जो मंत्री पद से वंचित रह गए। ये असंतुष्ट ही हवा बना रहे हैं कि गहलोत सरकार कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी। हालांकि हर किसी की नजर अब 24 अकबर रोड पर टिकी है। वहां कौन संभालेगा पार्टी की कमान। उधर विपक्षी भाजपाई बल्लियों उछल रहे हैं। विधानसभा के भीतर ही कांग्रेस की खिल्ली उड़ा रहे हैं कि बदलाव के लिए उनका सहारा लेना पड़ेगा। भाजपा के पास दो सौ के सदन में अपने तो मात्र 73 विधायक हैं। सहयोगी आरएलपी के तीन और एक निर्दलीय भी मजबूती से इस खेमे में डटा है। यानी बहुमत से फिर 24 पीछे। यही वजह है कि अभी तक किसी बड़े भाजपा नेता ने राजस्थान सरकार गिराने की बात नहीं की है। भाजपा को सरकार गिराने के लिए कांग्रेसी जयचंद की तलाश है। जाहिर है कि मुख्यमंत्री बनने की हसरत पालने वाला ही जयचंद की भूमिका में आ सकता है। सचिन पायलट से उम्मीद करना तो फिलहाल बेतुका लगता है।

### जितने मुंह उतनी बात

कुंभ यों हरिद्वार में 2021 में आयोजित होगा यानी अभी दो साल का वक्त बाकी है। पर उत्तराखंड की त्रिवेंद्र सिंह रावत सरकार अभी से तैयारियों में जुट गई है। तेज तर्रार आइएएस अफसर दीपक रावत को मेला अधिकारी बना दिया गया है। आलोचकों को मौका मिल गया। कोई उन्हें राजनाथ सिंह का रिश्तेदार बताता है तो कोई सजातीय होने के कारण राजपूत मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का पसंदीदा। ऐसी हवा बनाने में अफसरों की भूमिका सबसे ज्यादा होती है। आखिर अहम ओहदा हर कोई जो चाहता है। राजनाथ सिंह का हरिद्वार से लगाव रहा है। तभी तो भारत माता मंदिर के संस्थापक स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि के अंतिम संस्कार में शिरकत के लिए वे हरिद्वार पहुंचे। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भी उनकी अगवानी को मौजूद थे। रक्षामंत्री के वापस जाते ही मुख्यमंत्री ने मेला अधिकारी की तैनाती का एलान किया तो भाईलोगों को किंतु-परंतु का मौका मिल गया। मेले का पुलिस महानिरीक्षक संजय गुंज्याल को बनाने से भी टीका-टिप्पणियां हुईं। जो वरिष्ठता में दीपक रावत से काफी ऊपर हैं। पर आइएएस और आइपीएस की वरिष्ठता की तुलना का कोई औचित्य नहीं। कहने को कई बार सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के आइएएस भी मेला अधिकारी बनाए जाते रहे हैं। पर ऐसा कोई स्थापित नियम नहीं। रही मुख्यमंत्री की बात तो उन्होंने दो टूक कह दिया कि नियुक्तियां अनुभव, क्षमता, छवि और योग्यता सभी पहलुओं यानी मेरिट को ध्यान में रख कर की गई हैं। पाठकों को बता दें कि इस साल प्रयागराज के अर्ध कुंभ में किए गए चाकचौबंद बंदोबस्त के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की विरोधियों ने भी वाहवाही की थी। त्रिवेंद्र सिंह रावत इस कसौटी पर योगी के मुकाबले किसी मायने में उन्नीस साबित होना नहीं चाहेंगे।

### खत्म हुई बेचैनी

येदियुरप्पा की बेचैनी खत्म हुई होगी। उन्होंने कितनी मेहनत-मशक्कत और तिकड़मों से कर्नाटक की गठबंधन सरकार के पतन की पटकथा लिखी और उसे अंजाम तक भी पहुंचा दिया। पर भाजपा आलाकमान को उनकी ताजपोशी की कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई। यह सही है कि कर्नाटक का ताज येदियुरप्पा के सिर पर ही सजना था और सजा। आखिर एकदम तो भाजपा भी विधानसभा चुनाव नहीं चाहेगी। सरकार के गठन में कोई अड़चन फिलहाल है भी नहीं। सदन में भाजपा को 105 विधायकों का समर्थन मिल ही चुका है। दो निर्दलियों का समर्थन और तय है। रही 15 बागी विधायकों की किस्मत की बात तो विधानसभा अध्यक्ष केआर रमेश कुमार फैसला सुनाने में देर कर रहे हैं। उन्हें दो ही मुद्दों पर फैसला देना है। कांग्रेस और जद (सेकु) ने अपने बागियों पर अनुशासनहीनता का आरोप लगा सदन से अयोग्य घोषित कराने की मांग की है तो बागी अपने इस्तीफे मंजूर देखना चाहते हैं। जिसके लिए वे सुप्रीम कोर्ट तक हो आए। दरअसल इस्तीफे और अयोग्यता में पेच है। इस्तीफे मंजूर हो जाएं तो उनमें से हर कोई नई सरकार में मंत्री पद के लिए पात्रता रखेगा। सदन का सदस्य नहीं होने के बावजूद छह महीने तक तो मंत्री रह ही सकते हैं। लेकिन सदस्यता के अयोग्य ठहराए गए तो मंत्री पद से जाएंगे। तब विधानसभा उपचुनाव लड़ कर ही मंत्री बन पाएंगे। इसमें जोखिम है। पता नहीं सारे उपचुनाव जीत भी पाएंगे या नहीं। फिर उपचुनाव महीने-दो महीने में तो होने से रहे। इसमें कोई दो मत नहीं हो सकता कि ज्यादातर ने भाजपा के साथ कोई न कोई सौदेबाजी की ही होगी। बहरहाल भाजपा आलाकमान ने केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक की तारीख तय नहीं की थी। शीर्ष नेताओं को विधानसभा अध्यक्ष के फैसले का इंतजार था। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी येदियुरप्पा को भूलना नहीं चाहिए कि वे केंद्रीय नेतृत्व की स्वाभाविक पसंद नहीं हो सकते। एक तो वे 75 पार कर चुके हैं। ऊपर से उन पर भ्रष्टाचार के कई मुकदमे अदालतों में चल रहे हैं। साफ है कि आलाकमान ने अनमने में मुख्यमंत्री बना तो जरूर दिया पर सूबे में विधानसभा चुनाव तय समय से पहले कराना भाजपा की रणनीति होगी। बहुमत मिलेगा तो येदियुरप्पा की जगह कोई और भी बन सकता है कर्नाटक का स्वामी।

(प्रस्तुति : अनिल बंसल)

# लुधियाना में इस्पात भट्ठी में विस्फोट, दो की मौत

लुधियाना, 26 जुलाई (भाषा)।

पंजाब के लुधियाना जिले के रामगढ़ गांव में एक इस्पात भट्ठी में विस्फोट होने की घटना में उत्तर प्रदेश के दो श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि दस अन्य घायल हो गए।

जिले के जमालपुर पुलिस थाने के प्रभारी हरजिंदर सिंह ने बताया कि गंभीर रूप से घायल राम पासवान को चंडीगढ़ स्थित पीजीआइएमइआर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसे में मरने वाले दूसरे व्यक्ति की पहचान शंभु के रूप में की गई है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में घायल दस में से नौ की हालत स्थिर बताई जा रही है, जबकि गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति को पटियाला के राजिंदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि ब्वायलर में कुछ तकनीकी समस्या के कारण यह विस्फोट हुआ, इससे फैक्टरी की इमारत भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई है।

## प्रधानमंत्री को पत्र लिखने वाले शख्सियतों के

# समर्थन में उतरे बंगाल भाजपा उपाध्यक्ष

कोलकाता, 26 जुलाई (भाषा)।

भाजपा के पश्चिम बंगाल उपाध्यक्ष चंद्र कुमार बोस ने भीड़ हत्या और नफरत की भावना से किए जाने वाले अपराधों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखने वाले 49 शख्सियतों का शुक्रवार को समर्थन किया। वहीं, इस विषय पर विभिन्न क्षेत्रों की 61 सेलीब्रिटी के जवाबी बयान को मजाक बताते हुए कहा कि यह इस विषय की गंभीरता को कमतर करेगा। उनका यह बयान भाजपा के लिए शर्मिंदगी का सबब बन सकता है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रपौत्र चंद्र कुमार बोस ने कहा कि भीड़ हत्या के सिलसिले में शख्सियतों की चिंताओं का मैं समर्थन करता हूं। मैं आश्वस्त हूं कि प्रधानमंत्री इस तरह की घटना को रोकने के लिए सुधारात्मक कदम उठाएंगे। लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि भीड़ हत्या और धर्म को आपस में नहीं जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस किसी ने भी पत्र लिखा है या उस पर हस्ताक्षर किए हैं, उनसे मेरा कोई वास्ता नहीं है। मैं बस पत्र की विषयवस्तु का समर्थन कर रहा हूं। 49 शख्सियतों द्वारा मंगलवार को प्रधानमंत्री को लिखे पत्र पर शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों की 61 सेलीब्रिटी ने जवाबी बयान जारी करते हुए उनकी चिंताओं को चुनिंदा नाराजगी और झूठा विमर्श बताया।

बोस ने 61 सेलीब्रिटी के जवाबी बयान पर कहा कि यह महज एक मजाक है, जो इस विषय की गंभीरता को कमतर करेगा। हम सभी को भीड़ हत्या की बुराई से लड़ने के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भीड़ हत्या 'हत्या' के समान है और आरोपी के दोषी पाए जाने पर कानून के तहत कठोर सजा दी जानी चाहिए।

# 49 के जवाब में आया 61 हस्तियों का पत्र

पेज 1 का बाकी

वाले शुक्रवार को जारी बयान में 23 जुलाई को पत्र लिखने वालों से सवाल किया गया कि वे तब खामोश क्यों थे, 'जब हाशिए पर खिसक गए लोग और जनजातीय लोग नक्सलियों के शिकार हुए।' बयान में कहा गया, 'वे तब खामोश रहे जब अलगाववादियों ने कश्मीर में स्कूलों को आग के हवाले करने का फरमान जारी किया।

वे तब खामोश रहे, जब भारत के टुकड़े-टुकड़े करने की मांग की गई, वे तब खामोश रहे जब आतंकवादियों एवं आतंकवादी समूहों के नारे देश के कुछ बड़े विश्वविद्यालयों में गूंजे थे।' इन 61 लोगों में शांति निकेतन में विश्व भारती के देवाशीष भट्टाचार्य, अवध विश्वविद्यालय के कुलपति मनोज दीक्षित, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन के अनिर्बान गांगुली और साथ ही सांसद स्वप्न दासगुप्ता और कलाकार बिस्वजीत चटर्जी जैसी तमाम बड़ी हस्तियां शामिल हैं।

# फर्जी बोर्ड ने 10,000 से ज्यादा छात्रों के साथ धोखाधड़ी की

- मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने कहा कि बोर्ड ऑफ हायर सेकंडरी एजुकेशन, दिल्ली' को मान्यता नहीं

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने शुक्रवार को परामर्श जारी कर यह सूचित किया कि 'बोर्ड ऑफ हायर सेकंडरी एजुकेशन, दिल्ली' के नाम से चल रहे एक फर्जी बोर्ड ने समूचे देश में 10,000 से अधिक छात्रों के साथ धोखाधड़ी की है और इस नाम से किसी बोर्ड को कोई मान्यता नहीं दी गई है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने एक परामर्श में कहा, 'ऐसा पता चला है कि 'बोर्ड ऑफ हायर सेकंडरी एजुकेशन, दिल्ली' के नाम से एक संगठन चलाया जा रहा है, जो खुद को हमारे द्वारा मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड होने का दावा करता है। इस बारे में संबंधित तथ्यों की जांच-पड़ताल पर यह पता चला है कि कथित बोर्ड के पक्ष में हमने ऐसा कोई पत्र जारी नहीं किया है जैसा कि दावा किया जा रहा है।'

इसके अनुसार, 'इसलिए ये दोनों पत्र पूरी तरह से फर्जी और मनगढ़ंत हैं। स्पष्ट किया जाता है कि उक्त संगठन को मान्यता देने के संदर्भ में मंत्रालय ने ऐसा कोई पत्र कभी भी जारी नहीं किया है।' दिल्ली पुलिस ने पिछले साल दिसंबर में फर्जी बोर्ड चलाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया था। पुलिस ने बताया, 'गिरोह ने उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, छत्तीसगढ़ और अन्य कई राज्यों से 10,000 से अधिक छात्रों के साथ धोखाधड़ी की है। यह फर्जी बोर्ड देश में विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित संस्थानों से उच्च शिक्षा के दस्तावेज भी उपलब्ध कराता था।' मंत्रालय ने सभी छात्रों, अभिभावकों और अन्य पक्षकारों को फर्जी बोर्ड के साथ किसी भी तरीके से नहीं जुड़ने की सलाह दी है।

# 'प्रतिशोध की राजनीति नहीं'

बंगलुरु, 26 जुलाई (भाषा)।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने शुक्रवार को कहा कि उनके शासन के दौरान प्रतिशोध की राजनीति नहीं होगी और वह विपक्ष को साथ लेकर चलेंगे।

पद और गोपनीयता की शपथ लेने के लिए राजभवन जाने से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए येदियुरप्पा ने कहा, 'हमें प्रशासन में अंतर दिखाना होगा। प्रतिशोध की राजनीति नहीं होगी और मैं विपक्ष को साथ लेकर चलूंगा।' प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस जद (सेकु) गठबंधन सरकार पर बरसते हुए येदियुरप्पा ने कहा कि वह 'तुगलक दरबार' था और उसमें विकास अवरुद्ध हो गया था।

शुक्रवार को अचानक सरकार के गठन के बारे में भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें फोन किया और शपथ के लिए तैयार होने के लिए कहा। ईमानदार प्रशासन देने का वादा करते हुए उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका को भी रेखांकित किया।

येदियुरप्पा ने कहा, 'पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका महती है। किसान, मछुआरे, कुम्हार, बुनकर, आदिवासी और वंचित समुदाय को नई सरकार से बहुत अधिक उम्मीद है।' उन्होंने कहा, 'आपके (पार्टी कार्यकर्ताओं) समर्थन के बिना मैं उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर सकता हूं।' कार्यकर्ताओं को संबोधित करने से पहले भाजपा नेता काडु मलेश्वर मंदिर गए । यह मंदिर भाजपा के राज्य मुख्यालय से ठीक पीछे स्थित है।

# करगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री ने लगाए पौधे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जुलाई।




संसद भवन परिसर में शुक्रवार को पौधरोपण की शुरुआत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। इस मौके पर लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संसदीय ज्ञानपीठ प्रांगण में 'वृक्षारोपण कार्यक्रम' की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ने रुद्राक्ष के पौधे लगाए। अध्यक्ष बिरला ने सदन में कहा कि करगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आतिथ्य में संसद भवन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कई केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश व संसद सदस्य भी उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संसद में वृक्षारोपण की इस पहल के साथ ही देश के हर हिस्से को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के हमारे प्रयासों में वृक्षारोपण के अलावा और कोई विकल्प नहीं है।

बिरला ने राज्यसभा और लोकसभा के प्रत्येक संसद सदस्य से व्यक्तिगत रूप से एक पेड़ लगाने का आग्रह किया जिससे कि देश के प्रत्येक गांव व नगर तक वृक्षारोपण का संदेश पहुंच सके। लोकसभा सचिवालय की विज्ञप्ति के अनुसार, राज्यसभा और लोकसभा में दलों के नेताओं ने भी नियत स्थानों पर रुद्राक्ष और जारुल (क्रेप मिर्टल) के पौधे लगाए। रुद्राक्ष वृक्ष पूरी तरह विकसित होने पर लगभग 50-200 फीट तक की ऊंचाई वाला हो सकता है और इसका तना बेलनाकार होता है। इसका पत्तेदार शिखर पिरामिड के आकार वाला होता है व इसके फूल सफेद झालरदार पत्तियों वाले होते हैं।

जारुल (क्रेप मिर्टल) वृक्ष मुख्यतः अपने काफी लंबे समय तक खिले रहने वाले रंग-बिरंगे फूलों के लिए जाने जाते हैं। इसकी अधिकांश प्रजातियां रंग-बिरंगी नसदार, लंबी धारीदार तने और शाखाओं वाली होती हैं। इस कार्यक्रम के तहत रफी मार्ग के निकट उद्योग भवन और निर्माण भवन के पीछे राजपथ लॉन में संसद सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत रूप से पौधरोपण के लिए व्यवस्था भी की गई है। बिरला ने दोनों सदनों के सदस्यों से अगले तीन दिन तक उद्योग भवन के पास चलने वाले पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया जिसमें वृक्ष पर उनके नाम की प्लेट भी लगाई जाएगी।

# भारत को आठ देशों से बाढ़ प्रभावित इलाकों के उपग्रह आंकड़े मिले

- तय प्रक्रिया के तहत अंतरिक्ष एजंसियों ने आंकड़े साझा किए : विदेश मंत्रालय

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जून।

भारत को देश के बाढ़ प्रभावित इलाकों के संबंध में अमेरिका, चीन और रूस समेत आठ राष्ट्रों से उपग्रह के आंकड़े मिले हैं। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि प्राकृतिक या मानवीय आपदा के दौरान अंतरिक्ष आधारित आंकड़ों के साझा करने के बहुपक्षीय तंत्र के तहत यह आंकड़े साझा किए गए।

मंत्रालय ने कहा कि जब भी प्राकृतिक आपदा होती है, तो इंटरनेशनल चार्टर स्पेस एंड मेजर डिजास्टर के सदस्य इसरो के राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी) और 32 अन्य देशों की अंतरिक्ष एजंसियां सक्रिय हो सकती हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने बाढ़ राहत प्रयासों के तहत उपग्रह के आंकड़ों को साझा किए जाने से संबंधित एक सवाल के जवाब में कहा, 'इसके बाद चार्टर सभी 33 सदस्य अंतरिक्ष एजंसियों के पास मौजूद आपदा प्रभावित इलाकों से संबंधित जानकारी लेती है। यह तय प्रक्रिया है।'

उन्होंने कहा कि एनआरएससी चार्टर में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का प्रतिनिधित्व यूएन-स्पाइडर (यूनाइटेड नेशंस प्लेटफॉर्म फॉर स्पेस बेस्ड इंफॉर्मेशन फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट एंड इमरजेंसी रिस्पॉन्स) के तहत गठित किया गया है। उन्होंने कहा, 'विभिन्न अंतरिक्ष एजंसियों द्वारा मिली जानकारी से चार्टर संसाधनों और विशेषज्ञता को संकट की अहम स्थितियों में तेज समन्वय के साथ प्रतिक्रिया में मदद मिलती है।' कुमार ने कहा कि भारत में भारी बाढ़ के बाद 17 जुलाई को एनआरएससी ने चार्टर को सक्रिय किया था।

उन्होंने कहा, 'चार्टर के तहत अब तक यूएसजीएस, सीएनईएस, ईएसए, रॉसकॉसमॉस, सीएनएसए और तीन अन्य एजंसियों समेत आठ राष्ट्रों से आंकड़े मिल चुके हैं।' कुमार ने कहा कि दूसरे देशों द्वारा किए जाने वाले ऐसे ही अनुरोध पर इसरो भी जानकारी उपलब्ध कराती है। इससे पहले भारत में चीन के राजदूत सुन वीदोंग ने शुक्रवार को यहां बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधन संगठन (इसरो) ने अंतरराष्ट्रीय आपदा राहत सहयोग मांगा था, जिसके बाद उपग्रह से भेजा डेटा दिया गया। सुन ने ट्वीट किया, 'अंतरराष्ट्रीय आपदा राहत सहयोग के लिए इसरो के अनुरोध के बाद चीन ने भारत के राहत प्रयासों में मदद देने के लिए उसके बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का, उपग्रह से भेजा डेटा उसे मुहैया कराया है।'

# किसानों-बुनकरों को तोहफा

पेज 1 का बाकी

के तहत छह हजार रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने बुनकरों के कर्ज माफ करने का भी एलान किया। यह रकम फिलहाल 100 करोड़ रुपए है।

यहां पत्रकारों से उन्होंने कहा कि दो अहम फैसले लिए गए हैं। इनमें पहला है किसान सम्मान योजना के लाभार्थियों को दो किस्तों में चार हजार रुपए की अतिरिक्त राशि प्रदान करना। दूसरा फैसला है, बुनकरों के करीब 100 करोड़ रुपए के कर्ज की माफी। येदियुरप्पा ने कहा कि किसान पुत्र होने के नाते सूखे से जूझ रहे किसानों की मदद करना उनकी प्रतिबद्धता में शामिल है। पिछली सरकार द्वारा शुरू की गई फसल कर्ज माफी योजना को लेकर येदियुरप्पा ने कहा कि वह समीक्षा के बाद इस पर फैसला लेंगे।

# भाजपा कर्नाटक में स्थिर सरकार देगी : नड्डा

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

कर्नाटक में कांग्रेस-जद(सेकु) सरकार को गिराने के लिए दल-बदल को बढ़ावा देने के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि वहां सरकार आंतरिक कारणों से गिरी और भाजपा राज्य में स्थिर सरकार देगी।

नड्डा ने संवाददाताओं से कहा, 'वह सरकार (कांग्रेस-जद(सेकु)) आंतरिक कारणों से, अपने भार से गिर गई । भाजपा स्थिरता का पर्याय है और हम जहां भी जाते हैं, स्थिरता लाते हैं।' भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र मोदी नीत सरकार के दूसरे कार्यकाल के 50 दिन पूरे होने के अवसर पर संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा की उम्र 75 वर्ष से अधिक होने से संबंधित सवालों के जवाब को हालांकि वे टाल गए। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि येदियुरप्पा राज्य में भाजपा विधायक दल के नेता हैं और यह स्वाभाविक है कि वह मुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी की पसंद बने। उन्होंने कहा कि आप देखें कि वह नेता है, वह विधायक दल के निर्वाचित नेता हैं और इसी के अनुरूप वह शपथ ले रहे हैं।

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली येदियुरप्पा ने

पेज 1 का बाकी

कि वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह से सलाह मशविरा करने के बाद कैबिनेट के सदस्यों पर फैसला करेंगे। येदियुरप्पा ने चौथी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। पिछली बार वह मई 2018 विधानसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री बने थे लेकिन वह पद पर तीन दिन ही टिक पाए।

# पचास दिन के फैसले पिछले पचास साल के निर्णयों से कहीं बेहतर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में पहले पचास दिन के कामकाज का ब्योरा देते हुए कहा कि इस अवधि में हुए निर्णय पिछले पचास वर्षों में हुए फैसलों से कहीं बेहतर हैं, ये देश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले पचास दिन में मोदी सरकार जल से लेकर चांद तक व गांव, गरीब, किसान, मजदूर, व्यवसायी, छोटे दुकानदार व समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में शामिल करते हुए देश को आगे ले जाने को समर्पित रही है।

मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के दूसरे कार्यकाल के पचास दिन पूरे होने के अवसर पर नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले पचास दिनों में जो फैसले लिए हैं, वह भविष्य के लिए अच्छे संकेत दे रहे हैं। पिछले पचास दिन में जो फैसले हुए हैं, वे पिछले पचास वर्षों में हुए फैसलों से कहीं बेहतर हैं। जो देश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे।



नड्डा ने कहा कि पचास दिन में हमने जल से लेकर चांद तक, किसान मजदूर सबको साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्त्वपूर्ण फैसला सबको घर, सबको गैस देने का है। हम 2024 तक सभी ग्रामीण क्षेत्रों के घरों को नल का साफ जल देंगे। यह बहुत क्रांतिकारी निर्णय सरकार ने लिया है।

कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद उनके पहले संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, प्रकाश जावड़ेकर, भाजपा महामंत्री भूपेंद्र यादव, अनिल जैन मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी, संजय मयूख आदि मौजूद थे। संवाददाता सम्मेलन में ही रांची के प्रमुख अखबार राची एक्सप्रेस के मालिक सुधांशु सुमन भाजपा में शामिल हुए।

नड्डा ने कहा कि 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' के तहत 1.25 लाख किलोमीटर सड़क बनाने का फैसला लिया गया है। हम गांवों को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी से लोगों को बचाने का प्रावधान किया गया है। हमने श्रमिक सुधार के क्षेत्र में पहल की है, जिससे करोड़ों कामगारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए 14 सूत्रीय कार्यक्रम बनाया है। छोटे दुकानदार जिनका सालाना टर्नओवर 1.5 करोड़ रुपए का होगा, उन्हें प्रधानमंत्री मानधन योजना से जोड़ा जाएगा।

# ईडी ने कुर्क की 68 करोड़ की संपत्ति

पेज 1 का बाकी

दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कोई गलती नहीं की और जो प्रश्न पूछा जाएगा, उसका सही जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बदले की भावना से एवं राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कार्रवाई कर रही है।

गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने 27 अगस्त 2004 और 25 अगस्त 2005 में मानेसर के नौरंगपुर और लखनौला गांव में 912 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया था। आरोप है कि गुरुग्राम के मानेसर में इन दो गांवों की जमीन का अधिग्रहण करने के नाम पर निजी भवन निर्माताओं को फायदा पहुंचाया गया। इस मामले में हुड्डा समेत 34 लोगों के खिलाफ फरवरी में चार्जशीट दाखिल की गई थी। इस मामले में 15 सितंबर 2015 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी हुड्डा के खिलाफ सितंबर 2016 में धन शोधन का केस दर्ज किया था। हुड्डा के विरुद्ध सीबीआइ और ईडी ने मानेसर जमीन अधिग्रहण के अलावा तीन अन्य मामलों में जांच शुरू की है। ये मामले हैं- पंचकूला में औद्योगिक भूखंड का आवंटन, जिसके तहत 2013 में 14 लोगों को प्लॉट आबंटित किए गए। दूसरा मामला गुरुग्राम के मानेसर में जमीन अधिग्रहण का है। आरोप है कि इसमें किसानों और भू-मालिकों का करीब 1500 करोड़ के नुकसान का दावा हुआ।

# बिना संसदीय समीक्षा के विधेयक पास किए जाने पर विपक्ष ने जताई चिंता

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

विपक्षी दलों के 17 नेताओं ने शुक्रवार को राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू को पत्र लिखकर सरकार द्वारा विभिन्न विधेयकों को संसदीय समिति में नहीं भेजकर और उनकी विस्तृत समीक्षा के बिना पारित कराए जाने पर गंभीर चिंता जताई है।

उच्च सदन में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, सपा और बसपा सहित अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने नायडू को पत्र लिख कर सत्तापक्ष पर जल्दबाजी में विधेयक पारित करवाने का आरोप लगाया है। पत्र में कहा गया है कि सरकार विभिन्न महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद की स्थाई और प्रवर समितियों के समक्ष नहीं भेज रही है। सरकार के इस रवैए पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा कि सरकार संसदीय विवेचना के बिना ही जल्दबाजी में विधेयक पारित करवा रही है।

पत्र पर कांग्रेस के गुलाम नबी आजाद, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन, सपा के रामगोपाल यादव और आप के संजय सिंह सहित 17 दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। पत्र में सभापति का ध्यान इस बात की ओर दिलाया गया कि 14वीं लोकसभा में 60 फीसद, 15वीं लोकसभा में 71 फीसद जबकि 16वीं लोकसभा में केवल 26 फीसद विधेयकों को समीक्षा के लिए संसदीय समितियों के पास भेजा गया। इसमें कहा गया कि 17वीं लोकसभा के पहले सत्र में अभी तक 14 विधेयक पारित किए जा चुके हैं। इनमें से किसी को भी प्रवर या स्थाई समिति को नही भेजा गया।

# भारत, पाकिस्तान बातचीत से सुलझाएं कश्मीर मुद्दा : चीन

पेज 1 का बाकी

की सोमवार को दी गई प्रतिक्रिया को लेकर शुक्रवार को अपनी राय जताई। सोमवार को ट्रंप ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के व्हाइट हाउस दौरे के दौरान कश्मीर मुद्दे पर 'मध्यस्थता' करने की पेशकश की थी। इस बारे में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने कहा कि पाकिस्तान और भारत का पड़ोसी होने के नाते चीन चाहता है कि दोनों देश आपस में सद्भावना के साथ रहें। दरअसल, ट्रंप ने दावा किया था कि भारत के प्रधानमंत्री ने उनसे जापान के ओसाका में हुए जी20 सम्मेलन के दौरान कश्मीर मामले में मध्यस्थता की अपील की थी। भारत ने ट्रंप के दावे से इनकार करते हुए कहा कि मोदी ने कश्मीर मामले को लेकर इस तरह का आग्रह कभी नहीं किया और कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मामला है।

चीन के ताजा बयान को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के संसद में दिए बयान के हवाले से कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से कभी भी बातचीत में मध्यस्थता के लिए नहीं कहा। कश्मीर समेत पाकिस्तान के साथ जो भी मसले हैं, वे हमारे द्विपक्षीय मामले हैं। हम इस बारे में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं चाहते। प्रवक्ता ने याद दिलाया कि भारत की कड़ी प्रतिक्रिया के बाद अमेरिका के विदेश विभाग ने गलती सुधारते हुए कहा भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने कभी कश्मीर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति से बातचीत नहीं की थी। उन्होंने कहा कि भारत की नीति स्पष्ट है।

# आजम खान को माफी मांगने के लिए कहा जाएगा : प्रह्लाद जोशी

पेज 1 का बाकी

सांसदों ने अध्यक्ष से ऐसी कार्रवाई करने की मांग की जो नजीर बन सके। वहीं, रमा देवी ने कहा कि उन्हें (खान) लोकसभा से पूरे पांच वर्ष के लिए निलंबित किया जाना चाहिए।

विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि या तो आजम खान इसके लिए माफी मांगें या उन्हें निलंबित कर दिया जाए। भाजपा की संघमित्रा मौर्य ने इस विषय पर सदन में प्रस्ताव रखा और आजम के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने की मांग की। कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने भी इस घटना को गलत बताया और कहा कि इस बारे में संसद की आचार समिति या विशेषाधिकार हनन समिति है, वह चर्चा करे। उन्होंने यह भी कहा कि सदन में संप्रग अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी 'इटली की कठपुतली' कहा जा चुका है। इसको लेकर सत्ता पक्ष और कांग्रेस सदस्यों के बीच टीका-टिप्पणी शुरू हो गई।

इससे पहले, लोकसभा सदस्य आजम खान के आचरण पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि यह पुरुषों समेत सभी सांसदों पर धब्बा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कल जो घटना हुई वह अत्यंत निंदनीय है। राकांपा की सुप्रिया सुले ने कहा कि इस घटना के बाद सिर शर्म से झुक गया है। तृणमूल के कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह ऐसी घटना है जो निंदनीय है। द्रमुक की कनिमोड़ी ने कहा कि चाहे हम इधर बैठे हों या उधर बैठे हों... लेकिन कल जो घटना घटी उससे सदन का अपमान हुआ है। तृणमूल कांग्रेस की मिमी चक्रवर्ती ने कहा कि सांसद बनने के बाद वह सीखने की प्रक्रिया में आगे बढ़ रही है लेकिन बृहस्पतिवार को जो घटना घटी, वह सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा नहीं हो सकता।

# आदर्शनगर में पीट-पीट कर नाबालिग की हत्या

पेज 1 का बाकी

नाबालिग की जमकर पिटाई कर दी। उसे तब तक पीटा गया, जब तक वह लहूलुहान नहीं हो गया। इसी बीच किसी ने इसकी जानकारी 100 नंबर पर फोन कर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने खून से लथपथ बेहोशी की हालत में नाबालिग को पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।




येन लोंग में हाल की हिंसा के विरोध में शुक्रवार को हांगकांग हवाई अड्डे पर विरोध प्रदर्शन करते नागरिक।

# नई मिसाइलें दक्षिण कोरिया के लिए चेतावनी : उत्तर कोरिया

सोल, 26 जुलाई (एएफपी)।

**● दक्षिण कोरिया में अमेरिका के करीब 30 हजार सैनिक तैनात हैं और दक्षिण कोरिया सैनिकों के साथ उनका वार्षिक अभ्यास हमेशा से प्योंगयांग के गुस्से की वजह बना है।**

**● केसीएनए ने कहा कि किम ने दक्षिण कोरिया पर एक तरफ शांति वार्ता की बात करने और दूसरी तरफ पर्दे के पीछे से अत्याधुनिक हथियार आयात करके तथा संयुक्त सैन्य अभ्यास कर 'दोहरे रवैया' अपनाने का आरोप लगाया है।**

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने 'नई तरह के सामरिक निर्देशित हथियार' के प्रक्षेपण की निगरानी की और इसे दक्षिण कोरिया के लिए 'गंभीर चेतावनी' बताया। उत्तर कोरिया के समुद्र में दो मिसाइलें दागने के एक दिन बाद शुक्रवार को सरकारी मीडिया ने यह बताया।

केसीएनए ने बताया कि किम ने गुरुवार को व्यक्तिगत तौर पर मिसाइलों के प्रक्षेपण को निर्देशित किया और इसके नतीजे पर संतोष जताया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बीच पिछले महीने अचानक हुई बैठक के बाद यह उत्तर कोरिया का पहला मिसाइल परीक्षण है। किम और ट्रंप असैन्यीकृत क्षेत्र में 30 जून को हुई बैठक में वार्ता फिर से शुरू करने पर सहमत हो गए थे।

उत्तर कोरिया ने पहले भी आगाह किया था कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच होने वाले युद्ध अभ्यासों से वाशिंगटन और प्योंगयांग के बीच परमाणु निरस्त्रीकरण की वार्ता बहाल होने की योजना प्रभावित हो सकती है। दक्षिण कोरिया में अमेरिका के करीब 30 हजार सैनिक तैनात हैं और दक्षिण कोरिया सैनिकों के साथ उनका वार्षिक अभ्यास हमेशा से प्योंगयांग के गुस्से की वजह बना है।

केसीएनए ने कहा कि किम ने दक्षिण कोरिया पर एक तरफ शांति वार्ता की बात करने और दूसरी तरफ पर्दे के पीछे से अत्याधुनिक हथियार आयात करके तथा संयुक्त सैन्य अभ्यास कर 'दोहरे रवैया' अपनाने का आरोप लगाया है।

उसने कहा कि दक्षिण कोरियाई नेताओं को 'प्योंगयांग की चेतावनी को नजरअंदाज करने की भूल नहीं करनी चाहिए।' गौरतलब है कि दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर कोरिया ने पौ फटने के तुरंत बाद दो मिसाइलें दागीं और उन्होंने पूर्वी सागर में गिरने से पहले करीब 430 किलोमीटर की दूरी तक उड़ान भरी। पूर्वी सागर को जापान सागर के नाम से भी जाना जाता है।

# इमरान खान के दौरे के बाद अमेरिका ने कहा, अब वादों को पूरा करने का समय

वाशिंगटन, 26 जुलाई (भाषा)।

**विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा, ' हम उनको (बंधकों) रिहा कराने के लिए पाकिस्तानियों के साथ काम कर रहे हैं। हमें लगता है कि उनके (इमरान खान) बयान मददगार हैं और हम निश्चित तौर पर उम्मीद कर रहे हैं कि उन बयानों के संबंध में कुछ कदम उठाए जाएंगे।'**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के अमेरिकी दौरे के बाद वाशिंगटन ने गुरुवार को कहा कि अब किए गए वादों को पूरा करने का समय है। इस दौरे पर उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ से मुलाकात की थी।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मोर्गन ओर्टागस ने संवाददाताओं से कहा, 'हम अफगानिस्तान में शांति स्थापित करने को प्रतिबद्ध हैं। मुझे लगता है कि वह एक महत्त्वपूर्ण कदम था। न केवल राष्ट्रपति के साथ बल्कि विदेश मंत्री के साथ भी कई मुद्दों पर चर्चा हुई और अब बैठक में किए गए वादों को पूरा करने का समय है।' उन्होंने खान और ट्रम्प के बीच हुई इस बैठक को आरंभिक बैठक बताया और कहा इसने राष्ट्रपति और विदेश मंत्री को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री से मिलने, आपसी संबंध बनाने और घनिष्ठता बनाने का मौका दिया।

ओर्टागस ने कहा, 'अब हमें लगता है कि इस पहली सफल बैठक को आगे बढ़ाने का समय है। मैं प्रधानमंत्री द्वारा कही बातों में से एक का उल्लेख करना चाहूंगी, उन्होंने संकल्प लिया था कि वह अफगान सरकार से बातचीत करने के लिए तालिबान से अपील करेंगे।' उन्होंने कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध है। ओर्टागस ने कहा, 'जब बात आतंकवाद से लड़ाई की आती है, आपके पास विदेश मंत्री हैं जो अपने पूरे कार्यकाल में इसको लेकर प्रतिबद्ध रहे हैं और यह एक ऐसा मुद्दा है जो वह अपने सहयोगियों, दोस्तों और हर किसी से बातचीत के दौरान उठाते रहेंगे।' उन्होंने कहा कि अमेरिका बंधकों को रिहा कराने के लिए भी पाकिस्तान से बात कर रहा है।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा, ' हम उनको (बंधकों) रिहा कराने के लिए पाकिस्तानियों के साथ काम कर रहे हैं। हमें लगता है कि उनके (इमरान खान) बयान मददगार हैं और हम निश्चित तौर पर उम्मीद कर रहे हैं कि उन बयानों के संबंध में कुछ कदम उठाए जाएंगे।'

# फेसबुक, गूगल को नियंत्रित किए जाने की अपील

सिडनी, 26 जुलाई (एएफपी)।

आस्ट्रेलिया के एक निगरानी समूह ने फेसबुक और गूगल की निजी डेटा तक पहुंच और ऑनलाइन विज्ञापनों पर उसके वर्चस्व को नियंत्रित करने के लिए कड़े कदम उठाने का शुक्रवार को सुझाव दिया।

आस्ट्रेलिया सरकार ने कहा कि वह निगरानी समूह के 23 सुझावों पर गौर करेगी और साल के अंत तक इसके नियमन संबंधी प्रस्ताव पेश करेगी।

आस्ट्रेलिया के वित्त मंत्री जोश फ्राइडेनबर्ग ने 'आस्ट्रेलियन कॉम्पिटिशन एंड कंज्यूमर कमीशन' की रिपोर्ट का स्वागत किया। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि किन सुझावों को लाग किया जाएगा।

फ्राइडेनबर्ग ने कहा, 'उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए और उनकी गतिविधियों को भी अधिक पारदर्शी किए जाने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'विश्व कभी व्यावसायिक रूप से इतना संवेदनशील नहीं रहा और केवल दो कंपनियों की व्यक्तिगत डाटा तक पहुंच है।'

निगरानी समूह ने बताया कि करीब 1.7 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई हर महीने फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं और रोजाना करीब 30 मिनट इस पर बिताते हैं, जबकि 98 फीसद ऑस्ट्रेलियाई गूगल का इस्तेमाल करते हैं।

# उत्तर कोरिया के साथ वार्ता चाहते हैं : अमेरिका

वाशिंगटन, 26 जुलाई (एएफपी)।

अमेरिका ने कहा है कि वह उत्तर कोरिया के साथ वार्ता जारी रखना चाहता है लेकिन साथ ही उसने प्योंगयांग के फिर से मिसाइल परीक्षण करने के बाद उसे अपने 'उकसावे' वाले कदम रोकने को कहा।

इससे एक दिन पहले उत्तर कोरिया ने समुद्र में कम दूरी की दो मिसाइलें दागीं। यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बीच पिछले महीने अचानक हुई बैठक के बाद पहला परीक्षण है। इस बैठक में दोनों ने परमाणु निरस्त्रीकरण वार्ता बहाल करने पर सहमति जताई थी।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मोर्गन ओर्टागस ने यहां पत्रकारों से कहा, 'हम उत्तर कोरिया के साथ कूटनीतिक संबंध चाहते हैं और हम उत्तर कोरिया से उन सभी चीजों को हल करने का अनुरोध करना जारी रखेंगे जिसके बारे में राष्ट्रपति और किम ने कूटनीति के जरिए बात की।' उत्तर कोरिया ने मिसाइल परीक्षण करके चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने साझा सैन्य अभ्यास किया तो यह वार्ता पटरी से उतर सकती है। ओर्टागस ने कहा, 'हम और कोई उकसावे वाली कार्रवाई न करने का अनुरोध करते हैं। सभी पक्षों को (संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के) प्रस्तावों के तहत अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।' उत्तर कोरिया ने आखिरी बार नौ मई को कम दूरी की मिसाइलें दागी थीं।

# छह दिन की गिरावट से उबरा सूचकांक

मुंबई, 26 जुलाई (भाषा)।

वित्त व बैंकिंग क्षेत्र की कंपनियों में तेजी के दम पर सूचकांक शुक्रवार को लगातार छह दिन की गिरावट से उबरने में कामयाब रहा और कारोबार की समाप्ति पर 51.81 अंक की बढ़त लेकर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि खराब तिमाही परिणाम, विदेशी निवेशकों की निकासी और नरम वैश्विक संकेतों से निवेशकों की धारणा प्रभावित रही। हालांकि, आने वाले दो सप्ताह के दौरान औसत से बेहतर बारिश की उम्मीद ने बाजार को सहारा दिया।

बीएसई का 30-शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 'सूचकांक' उथल-पुथल भरे कारोबार के बीच 51.81 अंक यानी 0.14 फीसद की बढ़त लेकर 37,882.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक में 289 अंक का उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी 32.15 अंक यानी 0.29 फीसद की बढ़त के साथ 11,284.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 11,210.05 अंक और ऊंचे में 11,307.60 अंक के दायरे में रहा। घटबढ़ के बाद सप्ताह के दौरान सूचकांक 454.22 अंक यानी 1.18 फीसद और निफ्टी 134.95 अंक यानी 1.18 फीसद की गिरावट में रहा। सूचकांक की कंपनियों में येस बैंक सर्वाधिक 9.64 फीसद की तेजी में रही। बजाज फाइनेंस का शेयर भी जून तिमाही में अब तक का सर्वाधिक 1,195 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा होने के बाद 7.20 फीसद चढ़ गया।

इनके अलावा हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज ऑटो, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और कोटक महिंद्रा बैंक 3.21 फीसद तक की तेजी में रहे। वेदांता, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एअरटेल, ओएनजीसी, एचडीएफसी, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक और इंफोसिस के शेयर 4.26 फीसद तक नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा- बाजार छह दिनों की गिरावट के बाद उबरने में कामयाब रहा। पहली तिमाही के परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं होने के कारण सुधार कम रहा। हालांकि, आने वाले दो सप्ताह में औसत से बेहतर बारिश की उम्मीद से बाजार को कुछ राहत मिली। बीएसई के समूह सूचकांक में वाहन, बैंकिंग, पूंजीगत वस्तुओं, स्वास्थ्य व चिकित्सा, उद्योग, वित्त और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद 1.98 फीसद तक की बढ़त में रहे। हालांकि ईंधन, आइटी, टेक, तेल व गैस और बिजली समूह सूचकांक में 1.01 फीसद तक की गिरावट रही। बीएसई का मिडकैप और स्मॉलकैप 0.53 फीसद की तेजी में रहे।

शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 126.65 करोड़ रुपए की शुद्ध बिकवाली की। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशक इस दौरान 398.53 करोड़ रुपए के शुद्ध लिवाल रहे।

# सरकार अगले चरण में 20-25 हवाई अड्डों का करेगी निजीकरणः एएआइ चेयरमैन

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) के चेयरमैन गुरुप्रसाद महापात्र ने शुक्रवार को कहा कि सरकार अगले चरण में देश के 20- 25 और हवाई अड्डों का निजीकरण करेगी। पिछले साल सरकारी-निजी भागीदारी के तहत परिचालन, प्रबंधन और विकास के लिए लखनऊ, अमदाबाद, जयपुर, मंगलुरु, तिरुवनंतपुरम और गुवाहाटी के हवाई अड्डों के निजीकरण का फैसला किया गया था। फरवरी में अडाणी समूह ने छह हवाई अड्डे में से पांच का ठेका हासिल किया था।

महापात्र ने कहा- हमने छह हवाई अड्डों का निजीकरण किया है; अगले चरण में 20-25 और हवाई अड्डों के निजीकरण की योजना है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा- ये 20-25 बड़े हवाई अड्डे होंगे, जिनके जरिए सालाना 10 - 15 लाख यात्री यात्रा करते हैं। महापात्र एक अगस्त को उद्योग व आतंरिक व्यापार विभाग के सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# कंपनी संशोधन विधेयक 2019 को लोकसभा की मंजूरी

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 26 जुलाई।

लोकसभा ने शुक्रवार को कंपनी (संशोधन) विधेयक 2019 को मंजूरी प्रदान की जो कंपनी संशोधन दूसरा अध्यादेश 2019 का स्थान लेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक में प्रस्तावित संशोधन व्यापार सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) के लिए है। उन्होंने कहा कि 2013 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार ने कंपनी अधिनियम पारित किया था जिसमें लगातार संशोधन की मांगें उठती रहीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के संशोधनों को सरकार अपनी इच्छा से नहीं लाती बल्कि सभी हितधारकों की मांगों के अनुरूप लाया जाता है।

सीतारमण ने इस संबंध में लाए गए अध्यादेश को लेकर कुछ विपक्षी सदस्यों के सवाल पर कहा कि तात्कालिक जरूरत के लिए अध्यादेश दोबारा लाना पड़ा था और यह जल्द समाप्त होने वाला है, इसलिए सरकार विधेयक लेकर आई है ताकि फिर से अध्यादेश का रास्ता नहीं अपनाना पड़े। कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के प्रावधान पर विभिन्न सदस्यों के प्रश्नों के उत्तर में वित्त मंत्री ने कहा कि सीएसआर के लिए कंपनियों को तीन साल की अवधि दी गई है और पहले साल में उन्हें इस बारे में निर्णय लेने की प्रक्रिया पूरी करनी है। उन्होंने साफ किया कि पांच करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित करने वाली, एक हजार करोड़ रुपए के कारोबार वाली कंपनियों को सीएसआर की गतिविधियों को दिखाना होगा और इस बारे में केवल स्पष्टीकरण से काम नहीं चलेगा। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पारित किया।

विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के अनुसार इसके माध्यम से कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 2 के खंड 41 का संशोधन करने की बात कही गई है जिससे केंद्र सरकार को कुछ कंपनियों को भिन्न भिन्न वित्तीय वर्ष रखने देने का अधिकार दिया गया है। इसमें कंपनियों के रजिस्टर से कंपनी का नाम हटाने के लिए कार्रवाई आरंभ करने के लिए पंजीयक को सशक्त करने वाले अधिनियम की धारा 12 का संशोधन करने की बात कही गई है, अगर कंपनी इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार कोई कारोबार नहीं कर रही है। इसके तहत अधिनियम की सोलह धाराओं का संशोधन करने की बात कही गई है जिससे विशेष न्यायालय के भार को कम करने के लिए उक्त धाराओं में यथा उल्लेखित दंड को जुर्माने से बदलकर मौद्रिक दंड में बदला जा सके।

# ई-वाहन अपनाने से रोजगार के अवसरों में कमी नहीं : सावंत

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

भारी उद्योग व लोक उद्यम मंत्री अरविंद गणपत सावंत ने शुक्रवार को कहा कि ई-वाहन अपनाने के क्रम में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि रोजगार के अवसरों में कमी नहीं हों। उद्योग मंडल एसोचैम की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सावंत ने कहा कि उनके मंत्रालय को 14 विभिन्न शहरों से फेम कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए 15,000 बसों का आग्रह प्राप्त हुआ है।

मंत्री ने कहा कि वाहनों का इंजन बनाने वाली कुछ कंपनियों ने उनसे कहा है कि इन इंजनों के लिए अधिक कल-पुर्जों की जरूरत है, जिससे वाहन उद्योग में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा- ई-वाहनों में कल-पुर्जों की संख्या कम हो जाएगी, ऐसे में रोजगार के अवसर में भी कमी आ जाएगी। मंत्री ने कहा कि भारत रोजगार के अधिक अवसरों का सृजन चाहता है। ऐसे में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि ई-वाहनों को अपनाने से रोजगार के मौकों में कमी ना हो। सरकार के थिंक टैंक नीति आयोग ने 2023 तक तीन पहिया वाहनों के लिए पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की योजना बनाई है। इसके साथ ही 150 सीसी तक के दोपहिया वाहनों के लिये 2025 तक इलेक्ट्रिक वाहनों को अपना लिया जायेगा। नीति आयोग में प्रधान सलाहकार अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों की दिशा में बढ़ने में जो सबसे बड़ी चुनौती है वह है सोच में बदलाव लाना।

# निसान भारत में करेगी 1700 कामगारों की छंटनी

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

वाहन बनाने वाली जापान की कंपनी निसान अपने भारतीय परिचालन में 1,700 नौकरियों की कटौती करेगी। इसमें ज्यादातर नौकरियां विनिर्माण परिचालन से जुड़ी हुई हैं। यह कंपनी की वैश्विक पुनर्गठन प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके तहत कंपनी विभिन्न स्थानों पर अपने कुल कार्यबल में 6,000 की कमी लाएगी।

कंपनी ने एक विश्लेषण में कहा कि वैश्विक स्तर पर वित्त वर्ष 2019-20 से 2021-22 के बीच वह छह परिचालन स्थानों पर कुल 6,100 नौकरियों की कटौती करेगी। वित्त वर्ष 2018-19 में कंपनी ने वैश्विक स्तर पर आठ परिचालन स्थानों पर कुल 6,400 नौकरियां कटौती करने का लक्ष्य तय किया था। उद्योग सूत्रों के अनुसार इन 1,700 नौकरियों में कटौती रेनॉ-निसान के चेन्नई स्थित संयुक्त संयंत्र में किए जाने की संभावना है। इस संबंध में निसान मोटर इंडिया से संपर्क करने पर उसने टिप्पणी करने से मना कर दिया। रेनॉ-निसान के तमिलनाडु स्थित संयुक्त संयंत्र और शोध-विकास सुविधा में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर 40,000 लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

**मारुति का शुद्ध लाभ 32 फीसद घटा**

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 31.67 फीसद घटकर 1,376.8 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी के वाहनों की बिक्री में कमी और मूल्य ह्रास से कंपनी के मुनाफे में यह कमी दर्ज की गई है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को बताया कि उसे पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में 2,015.10 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था।

मारुति ने कहा कि आने वाले तीन साल में वह अपनी मूल कंपनी सुजुकी मोटर कॉर्प को रॉयल्टी का भुगतान येन की जगह पूरी तरह रुपए में करने लगेगी। मारुति के मुताबिक आलोच्य तिमाही में उसके वाहनों की बिक्री 14 फीसद घटकर 18,738.8 करोड़ रुपए रही। एक साल पहले वित्त वर्ष 2018-19 की पहली तिमाही में यह आंकड़ा 21,813.8 करोड़ रुपए पर था। कंपनी के मुताबिक इस वर्ष की पहली तिमाही में मूल्यह्रास और परिशोधन पर उसका व्यय 919 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही में 720.3 करोड़ रुपए पर था।

कंपनी की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक आलोच्य तिमाही में उसके वाहनों की बिक्री 17.9 फीसद घटकर 4,02,594 इकाइयों की रही। मारुति सुजुकी इंडिया के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अजय सेठ ने कहा कि घरेलू वाहन उद्योग में जारी नरमी से भी कंपनी की पहली तिमाही के परिणाम प्रभावित हुए।

यह लगातार चौथी तिमाही रही, जिसमें बिक्री में कमी दर्ज की गई। तिमाही के दौरान (यात्री) वाहनों की बिक्री में 18 फीसदी की गिरावट रही, घरेलू बिक्री में 19.3 फीसद की गिरावट एवं मांग में नरमी का असर भी कंपनी पर पड़ा।

# 'बिजली मंत्रालय भेजे जाने का वीआरएस से कोई लेना देना नहीं'

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

नवनियुक्त बिजली सचिव एससी गर्ग ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि वित्त मंत्रालय से बिजली मंत्रालय में स्थानांतरण का उनके वीआरएस से कोई लेनादेना नहीं है। तबादला आदेश आने से पहले ही 18 जुलाई को उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) के बारे में चर्चा की थी। गर्ग ने बिजली सचिव का पदभार शुक्रवार को संभाला है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को कार्मिक मंत्रालय ने राजस्थान कैडर के 1983 बैच के आइएएस अधिकारी गर्ग को वित्त मंत्रालय से बिजली मंत्रालय भेजने का आदेश जारी किया। वित्त मंत्रालय में 58 वर्षीय गर्ग सबसे वरिष्ठ नौकरशाह थे। वह आर्थिक मामलों के विभाग के प्रभारी रहे और उन्हें वित्त सचिव नामित किया गया था। उनसे वीआरएस के लिए आवेदन दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा- बिजली मंत्रालय में स्थानांतरण से उनके वीआरएस का कोई लेनादेना नहीं है। तबादला आदेश आने से पहले 18 जुलाई को ही प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) के बारे में चर्चा की गई थी। एक अन्य सवाल के जवाब में बिजली सचिव ने कहा- उन्होंने 24 जुलाई को वीआरएस के लिए आवेदन किया। इस संबंध में प्रक्रिया जारी है। आवेदन मंजूरी के लिए राज्य सरकार के पास जाएगा। उन्हें निर्णय करना है। गर्ग ने गुरुवार को कहा था कि उन्होंने वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की जिम्मेदारी आगे सौंप दी है। वित्त मंत्रालय में काफी कुछ सीखने को मिला .... 31 अक्टूबर से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) से वीआरएस के लिए आवेदन किया है।

एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा- चूंकि विमल जालान समिति अभी रिपोर्ट पर विचार कर रही थी, विचार की प्रक्रिया चल रही है और किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची थी, इसीलिए मैंने रिपोर्ट पर हस्ताक्षर नहीं किए। सरकार ने रिजर्व बैंक के आरक्षित कोष के आकार पर विचार के लिए आरबीआइ के पूर्व गवर्नर विमल जालान की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस छह सदस्यीय समिति में गर्ग भी शामिल थे। 2019-20 के बजट में विदेशी बाजार में बांड जारी कर कोष जुटाने से जुड़े सवाल के जवाब में गर्ग ने कहा- घरेलू बाजार में सीमित संसाधनों और निजी क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए यह निर्णय किया गया। दुनिया भर के देश विदेशों से पूंजी जुटा रहे हैं। इसमें जोखिम कम है।

# चांद के और निकट पहुंचा 'चंद्रयान-2', सफलतापूर्वक दूसरी कक्षा में प्रवेश

बंगलुरु, 26 जुलाई (भाषा)।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि 'चंद्रयान 2' को दूसरी बार उसकी कक्षा में आगे बढ़ाया गया है जिससे वह चंद्रमा के और नजदीक पहुंच गया है। ऐसा पृथ्वी से निर्देश भेज कर किया गया।

इसरो ने एक बयान में बताया कि यान ने गुरुवार देर रात करीब एक बजकर आठ मिनट पर दूसरी कक्षा में प्रवेश किया। इसके लिए उसने यान में मौजूद प्रणोदन प्रणाली का इस्तेमाल किया, जिसमें 15 मिनट का समय लगा। बयान के मुताबिक, इस प्रयास के साथ अंतरिक्ष यान 251 54,829 किमी की कक्षा में प्रवेश कर गया।

इसरो ने बताया कि अंतरिक्ष यान की सभी गतिविधियां सामान्य स्थिति में हैं। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार 'चंद्रयान 2' 29 जुलाई दोपहर को तीसरी कक्षा में प्रवेश करेगा। एक मून लैंडर और रोवर के साथ चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान भेजने की यह महत्वाकांक्षी परियोजना 22 जुलाई को दोपहर के वक्त शुरू हुई थी। इसरो का लक्ष्य, लैंडर - विक्रम को सात सितंबर 2019 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतारना है, जहां अभी तक कोई देश नहीं पहुंचा है। शुक्रवार का अभियान, 14 अगस्त को चंद्रमा के आभामंडल में प्रवेश से पहले होने वाले यान के चार अभियानों में से दूसरा है।

# अक्षरधाम हमले का मुख्य षड्यंत्रकर्ता जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तार

गांधीनगर, 26 जुलाई (भाषा)।

गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर 2002 में हुए हमले के कथित मुख्य षड्यंत्रकर्ता मोहम्मद यासीन भट को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि उसे गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग से गिरफ्तार किया है।

यहां 24 सितंबर, 2002 को अक्षरधाम मंदिर परिसर के भीतर दो आतंकवादियों ने घुस कर गोलीबारी की थी जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के एक कमांडो समेत 31 लोगों की मौत हो गई थी। एनएसजी के कमांडो ने इन दोनों आतंकवादियों को मार गिराया था। अधिकारियों के मुताबिक आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा का कथित सदस्य भट हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर चला गया था। गुजरात गृह विभाग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसे एक गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा गया कि वह जम्मू-कश्मीर लौट आया है और अनंतनाग में लकड़ी की फैक्टरी में काम कर रहा था। विज्ञप्ति में बताया गया कि स्थानीय पुलिस की मदद से गिरफ्तारी की गई।

# भारतीय वैज्ञानिकों ने आकाशगंगा में 28 नए तारे खोजे

नैनीताल, 26 जुलाई (भाषा)।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान के वैज्ञानिकों ने यहां आकाशगंगा गैलेक्सी में 28 नए परिवर्तनशील तारे खोजे हैं।

संस्थान के निदेशक वहाबउद्दीन ने नए परिवर्तनशील तारों के निष्कर्षों को दुर्लभ उपलब्धि बताया। इन तारों की चमक बदलती रहती है।

संस्थान के पूर्व निदेशक और अब यहां वरिष्ठ वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत अनिल पांडेय ने कहा कि यह पहली बार है कि 'कोमा बेरेनाइसीस' तारामंडल के गोल तारागुच्छ 'एनजीसी 4147' में इन तारों की पहचान हुई है। पांडेय ने एजेंसी से कहा, संस्थान के वैज्ञानिकों की खोज गोल तारागुच्छ की संरचना के बारे में जानकारी बढ़ाने में महत्वपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा कि नए परिवर्तनशील तारों की खोज के अलावा, अध्ययन से 'एनजीसी 4147' की आंतरिक संरचना के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होती हैं। यह तारागुच्छ पृथ्वी से पहले जितना सोचा गया था उससे ज्यादा पास स्थित है।

पांडेय ने कहा कि डॉक्टर स्नेहलता और डॉक्टर एके पांडेय नीत संस्थान की अनुसंधानकर्ताओं की टीम ने नैनीताल के पास 2016 में स्थापित 3.6 मीटर लंबी देवस्थल ऑप्टिकल दूरबीन की मदद से तारागुच्छ 'एनजीसी 4147' की फोटोमेट्रिक अवलोकन किया।

# 'पत्रकारिता और प्रस्तुति दो अलग विधाएं हैं'

● कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में डॉ. अशोक कुमार की किताब 'समाचार लेखन व रिपोर्टिंग' का विमोचन

जनसत्ता संवाददाता
कुरुक्षेत्र, 26 जुलाई।



'पत्रकारिता न तो केकवाक है और न ही कैटवाक है। पत्रकारिता और खबरों की प्रस्तुति दो अलग विधाएं हैं। लेकिन खबरों की दुनिया में करियर बनाने जा रहे आम युवा खबर प्रस्तोता को ही पत्रकार या कह लें एंकरिंग को ही पत्रकारिता समझ लेते हैं।' कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के शिक्षक डॉक्टर अशोक कुमार की किताब 'समाचार लेखन व रिपोर्टिंग' के विमोचन कार्यक्रम में वक्ताओं ने ये बातें कहीं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर कैलाश चंद्र शर्मा ने अन्य वरिष्ठ पत्रकारों व लेखकों के साथ शुक्रवार को अशोक कुमार की किताब का विमोचन किया।

वक्ताओं ने कहा कि ऐसी पाठ्य-पुस्तकें विद्यार्थियों के लिए बेहद जरूरी हैं। ऐसी किताबें कक्षा में प्रयोगशाला और जमीनी अनुभव की जरूरतें पूरी करती हैं। विद्यार्थियों को आगे चल कर इन किताबों का फायदा अपने कार्यक्षेत्र में होता है। डॉक्टर अशोक कुमार ने पुस्तक में पत्रकारिता के अपने लंबे अनुभव के साथ अकादमिक शोध को शामिल किया है। यह पुस्तक निश्चित रूप से विद्यार्थियों के लिए पठनीय व उपयोगी साबित होगी।

वक्ताओं ने कहा कि आज पूरी दुनिया में अनुसंधान से लेकर खबरों का स्वरूप बदल रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों के पास पत्रकारिता का व्यावहारिक व तकनीकी ज्ञान होना जरूरी है। ऐसी शोधपरक पुस्तकें विद्यार्थियों को दिशाभ्रमित होने से बचाती हैं। यह पुस्तक पत्रकारिता का ककहरा है। कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों ने कहा कि सोशल मीडिया से पत्रकारिता की पहुंच बढ़ी है लेकिन उसमें कुछ कमियां भी आ गई हैं। अशोक कुमार की शिवालिक प्रकाशन से आई 300 पन्नों की इस किताब का जिक्र करते हुए वक्ताओं ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अच्छी पुस्तकें पढ़ें और करियर का आधार बनाएं। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉक्टर आबिद अली ने संस्थान के शिक्षकों द्वारा प्रकाशित की गई विभिन्न पुस्तकों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।


## इलाहाबाद बैंक ALLAHABAD BANK
विश्वास की परंपरा — A tradition of trust

प्रधान कार्यालय : प्रथम तल, 14 इंडिया एक्सचेंज प्लेस, कोलकाता - 700001

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, प्रधान कार्यालय

निविदा सूचना

आरएफपी संदर्भ संख्या : प्रका/डीआईटी/एचडब्ल्यू/एसक्यूएल-लाइसेंस/141 दिनांक: 26.07.2019

इलाहाबाद बैंक पात्र बोलीकर्ताओं से "सॉफ्टवेयर एश्योरेंस सहित माइक्रोसॉफ्ट एसक्यूएल सर्वर लाइसेंस की खरीद" हेतु बोलियां आमंत्रित करता है।

पूर्ण विवरण हेतु कृपया बैंक की आधिकारिक वेबसाइट www.allahabadbank.in एवं ई-निविदा वेबसाइट www.tenderwizard.com/abbank देखें।

इस आरएफपी से संबंधित परिशिष्ट, यदि कोई हो, के लिए कृपया ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें।

मुख्य प्रबंधक (सूप्रौ)



## एअर इंडिया ऐसेट्स होल्डिंग लिमिटेड

एअर इंडिया ऐसेट्स होल्डिंग लिमिटेड द्वारा एअर इंडिया एयर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ लि. के प्रस्तावित स्ट्रेटजिक विक्रय तथा प्रबंधन नियंत्रण के हस्तांतरण हेतु वैश्विक स्तर पर आमंत्रित एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट का **छठा शुद्धिपत्र**

एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित करने के लिए प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) 12 फरवरी 2019 को पहले ही जारी किया जा चुका है, जिसके बाद एअर इंडिया ऐसेट्स होल्डिंग लिमिटेड द्वारा 05 मार्च 2019, 26 मार्च 2019, 24 अप्रैल 2019, 25 मई 2019 और 25 जून 2019 को क्रमशः पहला शुद्धिपत्र, दूसरा शुद्धिपत्र, तीसरा शुद्धिपत्र, चौथा शुद्धिपत्र और पांचवां शुद्धिपत्र जारी किया गया है।

इच्छुक बोलीकर्ता पीआईएम के संबंध में छठे शुद्धिपत्र को एआईएएचएल की वेबसाइट **http://www.aiahl.com/**, एआईएटीएसएल की वेबसाइट **http://www.aiatsl.com** तथा ट्रांजैक्शन सलाहकार की वेबसाइट **http://www.ey.com/in/en/home** से डाउनलोड कर सकते हैं।



## रक्षा सम्पदा कार्यालय
**दिल्ली मण्डल, दिल्ली छावनी**

इस कार्यालय के संशोधन में अधिसूचना संख्या 3/175/DEO/TREES/OS/VOL-IX दिनांक 25.07.2019 को 26.07.2019 को प्रकाशित किया गया है, निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं।

पढ़ें: E-Auction ID No 2019_MoD_588
के लिये
के लिये: ई-ऑक्शन आईडी नंबर: 2019_MoD_576

उक्त अधिसूचना के अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

हस्ता./-
(लोटे विनित बाबासाहेब)
रक्षा संपदा अधिकारी
दिल्ली सर्कल, दिल्ली कैंट



## उत्तरी दिल्ली नगर निगम
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता/(एम-I)-आरजेड
शेड सं 44, ग्राम पीतमपुरा, दिल्ली-110034

ई.ई.(एम-I)-आरजेड/टीसी/2019-20/14 दिनांक : 24.07.2019

**निविदा दस्तावेज विक्रय प्रारम्भ होने की तिथि** : 25.07.2019 को 10.00 बजे प्रात

**निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अन्तिम तिथि:** 09.08.2019 को 14:00 बजे अपराह्न तक

**संविदा जमा करने की अन्तिम तिथि** :10.08.2019 को 15:00 बजे अपराह्न तक

**वित्तीय संविदा खुलने की तिथि** :12.08.2019 को 15:15 बजे अपराह्न

क्र.सं 1 कार्य का नाम: एसी-13,एम-I/आरजेड में मैत्री अपार्टमेंट, अशोक अपार्टमेंट, ऋषि अपार्टमेंट, गंगा त्रिवेणी अपार्टमेंट, केनरा अपार्टमेंट, गुलाब विहार अपार्टमेंट, अनुभव अपार्टमेंट, शान्ति अपार्टमेंट, तरुण अपार्टमेंट, ओवरसीज अपार्टमेंट, सरस्वती एन्कलेव तथा बाबा बंदा बहादुर अपार्टमेंट में मनोरंजन हॉल का निर्माण। **खाते का शीर्ष:** XL-VIII-S(MLALAD) **निविदा राशि:** रु 75,32,432/- **धरोहर राशि:** रु. 1,62,900/- **समापन अवधि:** 6 माह **लागू दरों की अवधि:** 6 माह **निविदा की लागत:** रु. 1000/- **निविदा सं.:** 14/01

निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://www.tenderwizard.com/ NORTHDMCETENDER** से डाउनलोड किये जा सकते हैं और अनुमोदित तथा पात्र ठेकेदारों द्वारा संविदा हेतु वेबसाइट **https://www.tenderwizard.com/NORTHDMCETENDER** पर भी उपलब्ध हैं। नि.आ.सू. का विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

R.O No. 43/DIP/North DMC/19-20 अधिशासी अभियन्ता/(एम-I)-आरजेड


# बैंक से तीन करोड़ की धोखाधड़ी, 16 पर मामला दर्ज

पालघर, 26 जुलाई (भाषा)।

जिले के एक सहकारी बैंक से कथित तौर पर 3.05 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में पांच दंपति समेत 16 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पालघर के पुलिस जनसंपर्क अधिकारी हेमंत काटकर ने कहा कि आरोपियों ने बैंक की वसई शाखा से फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर कर्ज लिया था। उन्होंने बताया कि बैंक से 3.05 करोड़ रुपए का कर्ज लेने के बाद उन्होंने इसका भुगतान करना बंद कर दिया। यह अपराध फरवरी से नवंबर 2016 के बीच हुआ। बैंक प्रबंधक द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक इन 16 लोगों और कुछ अन्य ने दूसरे वित्तीय संस्थानों से पहले ही लिए गए कर्ज की जानकारी छिपाई और उसी संपत्ति को सहकारी बैंक में गिरवी रखा, जिन पर पहले ही कर्ज लिया जा चुका था।


## दिल्ली जल बोर्ड: रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालय: कार्यपालक अभियंता (पश्चिम)-II
डी-ब्लॉक, मोतीनगर, नई दिल्ली-110015
प्रैस एनआईटी सं.: 24/ पश्चिम-II (2019-20)


| क्रम सं. | कार्य का विवरण | निविदा लागत | धरोहर राशि (रु.) | निविदा शुल्क (रु.) | ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा जारी की तिथि | ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ईई (पश्चिम)-II के अंतर्गत मादीपुर एसी-26 में स्व्यम् सिद्धा कॉलोनी में 250 एमएम डाया सीवर लाइन का प्रावधान/विछाना। निविदा आईडी: 2018_DJB_176958_1 | 35,01,134.00 | 70,500.00 | 500.00 | 24.7.2019 | 8.8.2019 3 बजे अप तक |
| 2. | ईई (पश्चिम)-II के अंतर्गत मादीपुर एसी-26 स्व्यम् सिद्धा कॉलोनी में जलापूर्ति के सुधार के लिये 100/80/50 एमएम डाया के क्षतिग्रस्त वाटर लाइन के विस्थापन द्वारा 100 एमएम डाया वाटर लाइन का विस्थापन/प्रावधान तथा विछाना। निविदा आईडी: 2018_DJB_176958_2 | 32,67,986.00 | 65,500.00 | 500.00 | 24.7.2019 | 8.8.2019 3 बजे अप तक |

इस संदर्भ में अधिक विवरण वेबसाईट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देखें।

पी.आर.ओ. (जल द्वारा जारी) हस्ता./-
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 2019-20/209 कार्यपालक अभियंता (पश्चिम) II



## पूर्वोत्तर रेलवे
सूचना संख्या : 108/2019



**रेल यात्री बंधुओं के लिए आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित गाड़ियों की वर्तमान ठहराव समय में तत्काल प्रभाव से कानपुर एवं उरई स्टेशनों पर निम्नानुसार परिवर्तन किया गया है :-

| गाड़ी सं. | कहां से कहां तक | स्टेशन | वर्तमान समय | | संशोधित समय | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| 19305 | इंदौर-कामाख्या | उरई | 00.37 | 00.42 | 00.37 | 00.39 |
| 15016 | यशवन्तपुर-गोरखपुर | उरई | 01.38 | 01.43 | 01.38 | 01.40 |
| 12108 | लखनऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | उरई | 01.44 | 01.49 | 01.44 | 01.46 |
| 15068 | बान्द्रा-गोरखपुर | उरई | 02.40 | 02.45 | 02.40 | 02.42 |
| 12534 | छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-लखनऊ जं. | उरई | 03.51 | 03.56 | 03.51 | 03.53 |
| 12590 | सिकन्दराबाद-गोरखपुर | उरई | 05.54 | 05.59 | 05.54 | 05.56 |
| 12592 | यशवन्तपुर-गोरखपुर | उरई | 05.54 | 05.59 | 05.54 | 05.56 |
| 11109 | झाँसी-लखनऊ जं. | उरई | 07.53 | 07.58 | 07.53 | 07.55 |
| 12598 | छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-गोरखपुर | उरई | 08.53 | 08.55 | 08.50 | 08.52 |
| 15024 | यशवन्तपुर-गोरखपुर | उरई | 09.10 | 09.15 | 09.10 | 09.12 |
| 12107 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस-लखनऊ जं. | उरई | 11.10 | 11.15 | 11.10 | 11.12 |
| 11079 | गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | उरई | 12.28 | 12.33 | 12.28 | 12.30 |
| 12103 | पुणे-लखनऊ जं. | उरई | 12.28 | 12.33 | 12.28 | 12.30 |
| 15102 | छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-छपरा | उरई | 13.05 | 13.10 | 13.05 | 13.07 |
| 15066 | पनवेल-गोरखपुर | उरई | 14.13 | 14.18 | 14.13 | 14.15 |
| 15064 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर | उरई | 14.13 | 14.18 | 14.13 | 14.15 |
| 15015 | गोरखपुर-यशवन्तपुर | उरई | 15.05 | 15.10 | 15.05 | 15.07 |
| 12591 | गोरखपुर-यशवन्तपुर | उरई | 15.05 | 15.10 | 15.05 | 15.07 |
| 12589 | गोरखपुर-सिकन्दराबाद | उरई | 15.05 | 15.10 | 15.05 | 15.07 |
| 16093 | चेन्नई सेन्ट्रल-लखनऊ जं. | उरई | 16.33 | 16.35 | 16.30 | 16.32 |
| 19306 | कामाख्या-इंदौर | उरई | 16.34 | 16.39 | 16.34 | 16.36 |
| 12597 | गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस | उरई | 17.00 | 17.05 | 17.00 | 17.02 |
| 15065 | गोरखपुर-पनवेल | उरई | 18.05 | 18.10 | 18.05 | 18.07 |
| 15063 | गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | उरई | 18.05 | 18.10 | 18.05 | 18.07 |
| 15067 | गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस | उरई | 18.05 | 18.10 | 18.05 | 18.07 |
| 11080 | गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | उरई | 18.05 | 18.10 | 18.05 | 18.07 |
| 16094 | लखनऊ जं.-चेन्नई सेन्ट्रल | उरई | 19.30 | 19.35 | 19.30 | 19.32 |
| 15023 | गोरखपुर-यशवन्तपुर | उरई | 19.33 | 19.35 | 19.30 | 19.32 |
| 11110 | लखनऊ जं.-झाँसी | उरई | 20.23 | 20.28 | 20.23 | 20.25 |
| 11015 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर | उरई | 20.35 | 20.40 | 20.33 | 20.35 |
| 12533 | लखनऊ जं.-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस | उरई | 22.56 | 23.01 | 22.56 | 22.58 |
| 18192 | फर्रुखाबाद-छपरा | कानपुर सेन्ट्रल | 16.37 | 16.50 | 16.35 | 16.45 |

मुजाधि/टी-30 | यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें | मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# राष्ट्रपति ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि, प्रधानमंत्री ने कीं जवानों के साथ तस्वीरें साझा

श्रीनगर/नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

**करगिल विजय दिवस**

● राष्ट्रपति ने करगिल विजय दिवस पर कश्मीर के बदामी बाग छावनी में थल सेना के 15वें कोर मुख्यालय में स्थित युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किए

● इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युद्ध के दौरान उस क्षेत्र के अपने दौरे और जवानों के साथ बातचीत करने वाली तस्वीरें ट्विटर पर साझा कीं।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को करगिल युद्ध के 20 वर्ष पूरे होने पर शहीद सैनिकों को यहां श्रद्धांजलि दी। उन्होंने करगिल विजय दिवस पर कश्मीर के बदामी बाग छावनी में थल सेना के 15वें कोर मुख्यालय में स्थित युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युद्ध के दौरान उस क्षेत्र के अपने दौरे और जवानों के साथ बातचीत करने वाली तस्वीरें शुक्रवार को साझा कीं।

राष्ट्रपति को शुक्रवार सुबह द्रास युद्ध स्मारक पर एक समारोह में भाग लेना था लेकिन खराब मौसम के कारण वह वहां नहीं जा सके। थल सेना के 15वें कोर मुख्यालय में राष्ट्रपति के साथ जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए और लिखा, 'करगिल विजय दिवस की 20वीं वर्षगांठ पर, मैं कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से करगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देता हूं। आज, हम अपने बहादुर सैनिकों के साहसिक कार्यों को याद करते हैं, उनकी जीत का जश्न मना रहे हैं और अपने महान राष्ट्र की सेवा में खुद को समर्पित करने के अपने संकल्प को दोहराते हैं।'

बाद में राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, 'करगिल विजय दिवस पर, श्रीनगर के चिनार कोर (15 कोर) युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत अपने सशस्त्र बलों के उन योद्धाओं का कृतज्ञ रहेगा, जिन्होंने करगिल युद्ध में भाग लिया और अदम्य वीरता का परिचय देते हुए हमारी संप्रभुता की रक्षा की। जय हिंद।'

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने ट्विटर पर कहा, 'साल 1999 में करगिल युद्ध के दौरान मुझे करगिल जाने और हमारे बहादुर सैनिकों के साथ एकजुटता दिखाने का अवसर मिला।' प्रधानमंत्री ने कहा कि साल 1999 में वह जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में भाजपा के लिए काम कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'करगिल का दौरा और सैनिकों के साथ बातचीत अविस्मरणीय है।' तस्वीरों में वे सैन्यकर्मियों से बातचीत करते और घायल सैनिकों से मुलाकात करते दिखाई दे रहे हैं। इस बीच, विजय दिवस मनाने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में जिला पुलिस लाइनों पर कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। गौरतलब है कि ऑपरेशन विजय के तहत पाकिस्तान पर मिली भारत की जीत को हर साल 26 जुलाई को करगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय सैनिकों ने 1999 में आज ही के दिन पाकिस्तानी सेना समर्थित घुसपैठियों को खदेड़ कर करगिल सेक्टर में स्थित पर्वत चोटियों पर फिर से अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया था।


## Punjab & Sind Bank
(A Govt. of India Undertaking)
अंचल, दिल्ली-1
आश्रम चौक, सिद्धार्थ एन्कलेव
नई दिल्ली-110014

जहां सेवा ही जीवन ध्येय है

**परिसर की आवश्यकता**

बैंक 15 वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिए लीज के आधार पर कारपेट एरिया निम्नलिखित के अनुसार ग्राउंड फ्लोर पर परिसर के लिए दो बोली प्रणाली (कुल किराए के भीतर ऑनसाइट एटीएम की स्थापना सहित) के तहत ऑफर आमंत्रित करता है।

| शहर में स्थान का नाम | कारपेट एरिया (वर्ग फीट में) |
|---|---|
| मौजूदा शाखा के पास साकेत, दिल्ली | 1000-1200 |
| पटपड़गंज एरिया में | 1500-1800 |

अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.psbindia.com पर जाएं।

आंचलिक प्रबंधक



## पूर्वोत्तर रेलवे
**खुली ई-निविदा सूचना संख्या : N/539/2/OT/19-20/22**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली-ई" निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सूचना सं० एवं कार्य का नाम :- **N/539/2/OT/19-20/22:** कार्य का नाम :- सिसेई/सिग/मऊ के खण्ड में पिक-अप/टाटा मोबाइल/महिंद्रा कैंपर को 2 वर्ष के लिए भाड़े पर लेने हेतु। अनुमानित लागत :- ₹ 1004266.70, बयाना की राशि :- ₹ 20100/-, निविदा प्रपत्र की कीमत : ₹ 2,000/-, कार्य पूर्ण करने की तिथि : 730 दिन निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय : 29.08.2019 upto 15.00 Hrs.
1. ई-निविदा दिनांक **29.08.2019 को 15.00** बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।
2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट *i.e. www.ireps.gov.in* देखें।

मंडल रेल प्रबंधक(सिग.एवं दूसं.),
मुजाधि/सिगनल-43 वाराणसी

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं0 09794845955 पर एस.एम.एस करें।

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# आसाराम और उसके बेटे को जांच आयोग ने दोषी नहीं पाया

गांधीनगर, 26 जुलाई (भाषा)।

न्यायमूर्ति डी के त्रिवेदी आयोग ने कथित धर्मगुरु आसाराम और उसके बेटे नारायण साई को उनके द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले दो बच्चों की मौत के मामले में क्लीन चिट दे दी है। जुलाई 2008 में हुई इस घटना की जांच आयोग को सौंपी गई थी।

आयोग द्वारा 2013 में राज्य सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट शुक्रवार को गुजरात विधानसभा में पेश की गई। आयोग ने हालांकि कहा कि आवासीय स्कूल से दो बच्चों का लापता होना प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। आसाराम के गुरुकुल (आवासीय विद्यालय) में पढ़ने वाले दो भाइयों दीपेश वाघेला (10) और अभिषेक वाघेला (11) के शव पांच जुलाई 2008 को साबरमती नदी के किनारे मिले थे। दोनों बच्चे इससे दो दिन पहले स्कूल के हॉस्टल से लापता हो गए थे। आसाराम के आश्रम में बना स्कूल और हॉस्टल नदी किनारे स्थित है। रिपोर्ट में कहा गया है, इस बात के कोई सबूत नहीं मिले कि आसाराम जी और उनके पुत्र नारायण साई आश्रम में तांत्रिक विधि किया करते थे। इसमें कहा गया है, गुरुकुल प्रबंधन के साथ-साथ आश्रम के प्राधिकारी भी गुरुकुल हॉस्टल में रह रहे बच्चों के संरक्षक हैं और बच्चों की देखभाल उनका कर्तव्य है।

**दो बच्चों की मौत का मामला**


## पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !
## सांकेतिक कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

सिक्योरिटीजाइजेशन एवं रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेट्स इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002 के अन्तर्गत तथा सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट (एनफोर्समेंट) नियमों 2002 के साथ पढ़ते हुए अनुच्छेद 13 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने सम्बन्धित ऋणी/ऋणियों/गारन्टरों को प्रत्येक के नाम के सामने दर्शाए गए खाते में उनके नामों के सामने दी गई तारीखों पर नोटिस की तारीख/उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस जारी किया था। ऋणी/ऋणियों/गारन्टरों द्वारा राशि अदा करने में असफल होने पर ऋणी/ऋणियों/गारन्टरों और जन सामान्य को नोटिस दिया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने प्रत्येक खाते के सामने दी गई तारीखों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गयी सम्पत्ति/सम्पत्तियों का **सांकेतिक अधिग्रहण** कर लिया है। ऋणी/ऋणियों/गारन्टरों/बंधककर्ताओं को विशेष रूप से एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त सम्पत्ति/सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी प्रकार का लेन-देन न करें। इन सम्पत्ति/सम्पत्तियों से किसी प्रकार का लेन-देन पंजाब नैशनल बैंक को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज के चार्ज के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | शाखा का नाम | खाते का नाम व पता | ऋणकर्ता का नाम और पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण | सूचना 13(2) | सूचना 13(4) | सांकेतिक कब्जे की तिथि | मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि | प्राधिकृत अधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मंगल पांडे नगर, मेरठ | मैसर्स आतिया प्रेशर डाई कास्टिंग 46, पेट्रोल टैंक के पास, मकबरा डिग्गी, मेरठ। | श्री फैजुद्दीन पुत्र मोहम्मद फारुख, मकान नंबर 46, पेट्रोल टैंक के पास, मकबरा डिग्गी, मेरठ, यूपी | आवासीय मकान 49 वर्ग मीटर, स्थित नगरपालिका संख्या 66 का उत्तरी भाग, मकबरा अबु, मेरठ। स्वामित्व मोहम्मद फारुख। सीमाएं :- पूर्व- 23 फीट 4.5 इंच / गली 8 फीट चौड़ी, पश्चिम- 24 फीट 2 इंच / रईस का मकान, उत्तर- 30 फीट 6 इंच / गली, दक्षिण- 29 फुट 5 इंच / जाहिद का भाग | 30.04.2019 | 25.07.2019 | 25.07.2019 | रु. 2128020.00 दिनांक 01.10.2018 से ब्याज व अन्य खर्चे | श्री अवीनाश कुमार, फोन 9771430208 |

दिनांक:- 26.07.2019 स्थान:- मेरठ प्राधिकृत अधिकारी



**"IMPORTANT"**

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.



**उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि. ई-निविदा तिथि विस्तार सूचना** इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना सं. ETC/MU/T-82/2019-20 के सम्बन्ध में सूचित करना है कि प्रर्याप्त निविदा उद्धरण (कोटेशन) प्राप्त न होने के कारण से उक्त निविदा सूचना प्राप्ति की तिथि दिनांक 01.08.2019 तक विस्तारित की गयी है। कृपया www.etender.up.nic.in पर विस्तार से सभी सूचना, विवरण/डाउनलोड तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/विस्तार हेतु निविदा खुलने की तिथि तक लॉग ऑन करे। शेष अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगी। "राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें" **पत्रांक/No. 1485/वि.पा.म.(ETC)/मु.नगर(MZN)/ दिनांक/DATED** 24.07.2019


# डाक्टरों की सुरक्षा के लिए दायर याचिका खारिज

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने देश के सरकारी अस्पतालों में डाक्टरो की सुरक्षा और संरक्षा के निर्देश देने के लिए दायर याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

# साहा और दुबे की पारियों से भारत 'ए' को बढ़त

नॉर्थ साउंड (एंटीगा) 26 जुलाई (भाषा)।

चोट के कारण लंबे समय तक मैदान से दूर रहे विकेटकीपर बल्लेबाल ऋधिमान साहा (नाबाद 61) और शिवम दुबे (71) की अर्धशतकीय पारियों से भारत 'ए' ने पहले अनधिकृत टैस्ट के दूसरे दिन वेस्ट इंडीज 'ए' के खिलाफ पहली पारी में 71 रन की बढ़त ले ली। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच छठे विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी हुई।

भारत ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 70 रन से किया और स्टंप के समय टीम का स्कोर आठ विकेट पर 299 रन था। वेस्ट इंडीज की टीम पहले दिन 228 रन पर आउट हो गई थी।

चोट के कारण एक साल से ज्यादा समय तक भारतीय टीम से बाहर रहने वाले साहा का चयन अगले महीने वेस्ट इंडीज के खिलाफ होने वाली टैस्ट श्रृंखला के लिए हुआ है। वह लय में होने का संकेत देते हुए 146 गेंद में 61 रन पर क्रीज पर डटे हुए हैं। इस दौरान उन्होंने छह चौके भी लगाए।

बंगाल के विकेटकीपर बल्लेबाज और दुबे ने भारत की पारी को उस समय संभाला जब टीम 168 रन पर अपना पांचवां विकंट गंवाकर संघर्ष कर रही थी।

दुबे के आउट होने के बाद हालांकि भारत के निचले क्रम के दो बल्लेबाज सिर्फ सात रनों के अंदर पवेलियन लौट गए। इसमें कृष्णप्पा गौतम (छह) और शाहबाज नदीम (शून्य) शामिल हैं।

इससे पहले प्रियांक पांचाल (49) और शुभमन गिल (40) ने दूसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े।

कप्तान हनुमा विहारी ने 80 गेंदों पर 31 रनों का योगदान दिया जबकि श्रीकर भारत पहली गेंद पर आउट हुए। वेस्ट इंडीज के लिए तेज गेदबाज मिगुएल कमिंस ने तीन जबकि ऑफ स्पिनर रकीम कोर्नवाल ने दो विकेट लिए। चेमार होल्डर और जोमेल वार्रिकन को एक-एक सफलता मिली।

# चयन ट्रॉयल में बजरंग-रवि पास

## पूनिया ने चार मिनट में कटाया विश्व चैंपियनशिप का टिकट

नई दिल्ली, 26 जुलाई (भाषा)।

स्टार पहलवान बजरंग पूनिया को विश्व चैंपियनशिप में जगह पक्की करने के लिए चार मिनट से भी कम का समय लगा। वहीं रवि कुमार दहिया ने शुक्रवार को चयन ट्रायल्स का सबसे प्रतिस्पर्धी मुकाबला जीतकर इसका टिकट कटाया। विश्व चैंपियनशिप का आयोजन कजाखस्तान में 14 से 22 सिंतबर तक होगा। यह टूर्नामेंट ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। बजरंग की 65 किग्रा भारवर्ग में मौजूदगी के कारण ज्यादातर पहलवानों ने खुद को इस मुकाबले से दूर रखा। उन्हें चुनौती देने सिर्फ मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन हरफुल सिंह पहुंचे।

विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज बजरंग को हालांकि हरफूल चुनौती नहीं दे सके। हरफूल घुटने में चोट के कारण मुकाबले के दूसरे दौर तक प्रतिस्पर्धा भी नहीं कर सके। दूसरे दौर में बजरंग ने उनके दांए पैर पर मजबूत पकड़ बनाई जिससे वह पार नहीं पा सके। मुकाबला रोके जाते समय बजरंग 7-0 से आगे थे।

उन्होंने कहा कि मुकाबला पूरे छह मिनट तक चलता तो मेरे लिए और यहां आए प्रशंसकों के लिए यह अच्छा होता। इस तरह से मुकाबला खत्म होना ठीक नहीं है। किसी पहलवान के चोटिल होने से बहुत बुरा लगता है। हम सब कड़ी मेहनत करते हैं और मुझे उसके लिए बुरा लग रहा है। प्रतिभाशाली संदीप तोमर और उत्कर्ष काले सहित सात पहलवान 57 किग्रा वर्ग में शामिल थे। हालांकि पिछले साल अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता रवि ने इसमें बाजी मार कर कजाखस्तान का टिकट कटाया। कोच विरेंद्र की देख रेख में छत्रसाल स्टेडियम में प्रशिक्षण लेने वाले रवि ने फाइनल मुकाबले में राहुल को 12-2 से हराया।

राहुल ने इससे पहले 2016 के एशियाई चैंपियन संदीप तोमर को हराया था जबकि रवि ने काले को शिकस्त दी थी। हरियाणा के 22 साल के रवि ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में काफी कड़ा मुकाबला होगा। एशिया कुश्ती का गढ़ है। वहां जापान, ईरान, मंगोलिया और कजाखस्तान के पहलवानों से कड़ी टक्कर मिलेगी।

## बजरंग की निगाहें ओलंपिक पर

भारत के शीर्ष पहलवान बजरंग पूनिया की निगाहें कजाखस्तान में 14 से 22 सितंबर तक आयोजित होने वाले कुश्ती विश्व चैंपियनशिप के जरिए ओलंपिक टिकट हासिल करने पर है। इंदिरा गांधी स्टेडियम में चयन ट्रायल में मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन हरफूल सिंह को शिकस्त देने के बाद बजरंग ने कहा कि देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। इसके लिए विश्व चैंपियनशिप पहला क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है।

ट्रायल्स में यह बजरंग के दबदबे का असर था कि उन्हें चुनौती देने के लिए हरफूल के अलावा दूसरे पहलवानों ने खुद को अलग रखा। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले इस खिलाड़ी ने कहा कि मेरी पूरी कोशिश होगी कि पहले टूर्नामेंट से ही ओलंपिक का टिकट हासिल कर सकूं क्योंकि इससे मुझे बेहतर तैयारी के लिए एक साल से अधिक का समय मिलेगा। इसमें मैं अपनी खामियों को दूर कर सकूंगा। उन्होंने कहा कि बेहतर तैयारियों के लिए मेरी योजना रूस जाने की है लेकिन उससे पहले मुझे बेलारूस और जॉर्जिया में होने वाले टूर्नामेंटों में भाग लेना है। बजरंग का ध्यान इस दौरान चोट से बचने पर भी है। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में हार का सामना करने के बाद हर अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जीत दर्ज करने वाले इस खिलाड़ी ने कहा कि खिलाड़ी के लिए चोट से बचे रहना जरूरी है। मेरा ध्यान चोट से बचकर अच्छा प्रशिक्षण लेने पर है।

हाल के दिनों में यासर दोगू अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट सहित कई दूसरे टूर्नामेंटों में भाग नहीं लेने के बारे में पूछे जाने पर बजरंग ने कहा कि वह 70 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करना चाहते थे लेकिन देर से नाम भेजे जाने के कारण वह इसमें भाग नहीं ले सके।



# आयरलैंड 38 रन पर ढेर, इंग्लैंड ने लाड्र्स टैस्ट जीता

लंदन, 26 जुलाई (एएफपी)।

क्रिस वोक्स और स्टुअर्ट ब्रॉड की घातक गेंदबाजी के सामने आयरलैंड की टीम 38 रन पर ढेर हो गई जिससे इंग्लैंड ने लाड्र्स पर खेले गए एकमात्र टैस्ट मैच को शुक्रवार को यहां 143 रन से जीता।

वोक्स ने 17 रन देकर छह जबकि ब्रॉड ने 19 रन देकर चार विकेट लिए। आयरलैंड की पारी केवल 15.4 ओवर में सिमट गई। इंग्लैंड ने आयरलैंड के सामने 182 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन तीसरे दिन एक सत्र के अंदर ही मैच समाप्त हो गया। आयरलैंड ने टैस्ट क्रिकेट में सातवां न्यूनतम स्कोर बनाया। यह 1955 के बाद सबसे न्यूनतम स्कोर है।

आयरलैंड ने इंग्लैंड को पहली पारी में 85 रन पर आउट कर दिया था। आयरलैंड ने इसके जवाब में 207 रन बनाकर 122 रन की बढ़त हासिल की थी। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 303 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी नौ विकेट पर 303 रन से आगे बढ़ाई लेकिन स्टुअर्ट थाम्पसन ने दिन की पहली गेंद पर ही अपना पहला टैस्ट खेल रहे ओली स्टोन को बोल्ड कर दिया। बारिश के कारण खेल देरी से शुरू हुआ लेकिन थाम्पसन की इनस्विंगर ने इंग्लैंड को अपने स्कोर में इजाफा नहीं करने दिया। विश्व चैंपियन इंग्लैंड की तरफ से नाइटवाचमैन जैक लीच ने 92 और अपना पहला टैस्ट खेल रहे जैसन रॉय ने 72 रन बनाए। लीच को मैन ऑफ द मैच चुना गया। बारिश के बाद आयरलैंड ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया लेकिन इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने अनुकूल परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया। आयरलैंड की तरफ से जेम्स मैकलुम (11) ही दोहरे अंक में पहुंचे। आयरलैंड का यह तीसरा टैस्ट मैच था। उसे अब तक तीनों मैच में हार मिली है। उसे इससे पहले पाकिस्तान और अफगानिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था।

# अरुण का बने रहना तय, बांगड़ की हो सकती है छुट्टी

## कपिल की अगुआई वाली समिति चुनेगी टीम का अगला कोच

**विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव की अगुआई वाली क्रिकेट सलाहकार समिति को भारतीय क्रिकेट टीम का अगला कोच चुनने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए साक्षात्कार अगस्त में होने की संभावना है। प्रशासकों की समिति ने शुक्रवार को बैठक के दौरान यह फैसला लिया। कपिल के अलावा समिति में महिला टीम की पूर्व कप्तान शांता रंगास्वामी और पुरुष टीम के पूर्व कोच अंशुमान गायकवाड़ शामिल हैं।**

कोलकाता, 26 जुलाई (भाषा)।

भारत के मौजूदा गेंदबाजी कोच भरत अरुण का पद पर बने रहना लगभग तय लग रहा है। वहीं दक्षिण अफ्रीकी धुरंधर जोंटी रोड्स समेत कई दावेदारों के होने के बावजूद आर श्रीधर को तरजीह दिए जाने की संभावना है।

राष्ट्रीय चयनकर्ता जब भारतीय टीम के लिए सहयोगी स्टाफ चुनेंगे तो बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ की छुट्टी हो सकती है। तीनों को मुख्य कोच रवि शास्त्री के साथ आगामी वेस्ट इंडीज दौरे के आखिर तक कार्यकाल में विस्तार मिला है। इसके बाद नए सिरे से साक्षात्कार होंगे और सभी पदों के लिए नियुक्तियां की जाएंगी।

कपिल देव की अध्यक्षता वाली नई क्रिकेट सलाहकार समिति मुख्य कोच के बारे में फैसला लेगी। करीबी सूत्रों की मानें तो अरुण का रहना तय है क्योंकि सभी प्रारूपों में भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। बोर्ड के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि पिछले 18 से 20 महीने से अरुण ने बहुत अच्छा काम किया है।






रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 251, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।